


सांध्य दैनिक
RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14 अंक - 319 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 1 सितंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास - खबर



### पंडवानी गायिका ने ओढ़ी सियासी चादर, राजनीतिक पारी के लिए तैयार पद्मश्री उषा बारले!

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ की पंडवानी गायिका और पद्मश्री से सम्मानित डॉ उषा बारले बीजेपी में शामिल हो गई हैं। भारत सरकार में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया के समक्ष उषा बारले ने पहले उन्हें राखी बांधी और फिर विधिवत बीजेपी का गमछा ओढ़ कर बीजेपी में शामिल हो गईं। मनसुख मांडविया के साथ-साथ दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, राज्यसभा सांसद सरोज पांडे और अन्य नेता भी मौजूद थे।

आपको बता दे कि उषा बारले अनुसूचित जाति वर्ग से आती हैं तो वहीं दुर्ग जिले में अहिवारा विधानसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। फिलहाल अहिवारा से उषा बारले को टिकट देने की संभावना भी जताई जा रही है। कयास लगाये जा रहे हैं कि उषा बारले को अहिवारा विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी का प्रत्याशी बनाया जा सकता है।

### पाक में पुलवामा जैसा हमला धमाके में नौ की मौत

**इस्लामाबाद ( एजेंसी )।** पाकिस्तान में बड़ा आतंकी हमला हुआ है। दरअसल टीटीपी के आत्मघाती हमले में पाकिस्तानी सेना के नौ जवानों की मौत की खबर है। घटना पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की है, जब एक बाइक सवार आत्मघाती आतंकी ने सेना के काफिले को धमाके से उड़ा दिया। इस धमाके में पाकिस्तानी सेना के नौ जवानों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हुए हैं। पाकिस्तानी सेना ने यह जानकारी दी है। बता दें कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में एक आतंकी ने विस्फोटक लदी कार से सीआरपीएफ के काफिले के वाहन में टक्कर मार दी थी। इस हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे।


# छत्तीसगढ़ में तेज हुई राजनीतिक सरगर्मी

# शाह और राहुल कल होंगे आमने-सामने

श्रीकंचनपथ न्यूज़

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में सत्ता की जंग लगातार तेज़ होती जा रही है। भाजपा जहां 5 साल बाद फिर से सत्ता में वापसी के ख्वाब बुन रही है तो वहीं कांग्रेस सत्ता में बने रहने की जुगत में है। ताजा हालातों में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह चुनावी मौसम में चौथी बार राज्य के दौरे पर आ रहे हैं। वहीं 2 सितम्बर को कांग्रेस के अग्रणी नेता राहुल गांधी का भी कार्यक्रम है। एक ही दिन में दो बड़े नेताओं के कार्यक्रम से राज्य की राजनीतिक सरगर्मियां पूरे उफान पर होंगी। प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ अमित शाह आरोप पत्र लेकर आ रहे हैं तो राहुल गांधी का दौरा युवाओं से संवाद करने को लेकर है। पिछली दफा शाह के दौरे के बाद पार्टी ने 21 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए थे। खुद प्रदेश के नेताओं को इसकी उम्मीद नहीं था। लेकिन शाह के वर्तमान दौरे के बाद पार्टी प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी होना तय है। वहीं, राहुल गांधी के युवा संवाद कार्यक्रम को लेकर सत्ता और संगठन में खासी हलचल है। कार्यक्रम के लिए बस्तर से लेकर सरगुजा तक के युवाओं को जुटाने की तैयारी है। यह आयोजन नवा रायपुर के मेलाग्राउंड में होगा।

मिशन 2023 को लेकर भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। 70 दिनों के भीतर चौथी बार शुक्रवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। शाह अपने साथ कांग्रेस सरकार को घेरने के लिए बनाया गया खास 'आरोप पत्र' लेकर आएंगे। सूत्रों के मुताबिक, आरोप पत्र को तीन भागों में बांटा गया है। इसमें कांग्रेस सरकार के कथित भ्रष्टाचार, विफलता और वादाखिलाफी को शामिल किया गया हैं। बताते हैं कि ये ही भाजपा के प्रमुख चुनावी मुद्दे होंगे। आरोप पत्र के साथ भाजपा एक गाना भी रिलीज करेगी। हर विधानसभा स्तर पर आरोप पत्र तैयार होगा। अलग-अलग वर्गों महिला, युवा, किसान आदिवासी के लिए अलग-अलग आरोप पत्र बनेंगे। चुनाव के लिए गठित आरोप पत्र समिति ने एक महीने पहले शाह को आरोपों का पुलिंदा दे दिया




था। ये आरोप पत्र का प्रिंट भी दिल्ली में गोपनीय तरीके से किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक शाह एक सितंबर को शाम 6:40 बजे नियमित विमान से राजधानी रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचेंगे। वहां से भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचकर भाजपा की आरोप पत्र समिति, घोषणा पत्र समित व अन्य समितियों की बैठकें लेंगे। दो सितंबर को सुबह 11 बजे साइंस कालेज स्थित प. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनता की ओर से आरोप पत्र पेश करेंगे। दो सितंबर की शाम 3 बजे अर्जुंदा सराईपाली में जनजाति समाज द्वारा आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में शाह चुनावी सभा का आगाज करेंगे। इसके पहले शाह ने 22 जून को दुर्ग में एक बड़ी आम सभा को संबोधित किया था। इसके 12 दिन बाद चार-पांच जुलाई और 22 जुलाई को को रायपुर आए। अब एक बार फिर शाह का दौरा तय हुआ हैं। पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष भी रायपुर पहुंच रहे हैं।

### अलग-अलग संभागों में की गई है तैनाती

वर्तमान में संघ और भाजपा के बीच की कड़ी की भूमिका राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष निभा रहे हैं। वे आरएसएस द्वारा बुलाई गई बैठक में भाजपा की तरफसे शामिल होकर भाजपा के कामकाज की रिपोर्ट सौंपते हैं। राज्य के स्तर पर प्रदेश संगठन महासचिव भी कुछ हद तक इसी तरह की भूमिका निभाते हैं। छत्तीसगढ़ में होने वाले आगामी विधान सभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा आलाकमान की गंभीरता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पार्टी ने अपने दो प्रदेशों के संगठन महासचिवों को छत्तीसगढ़ के अलग-अलग संभागों में तैनात कर दिया है। पार्टी आलाकमान ने झारखंड प्रदेश भाजपा के संगठन महासचिव कर्मवीर को छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग की जिम्मेदारी देकर इस क्षेत्र में आने वाले 7 जिलों की चुनावी कमान सौंप दी है। बस्तर संभाग में आने वाले 7 जिलों में छत्तीसगढ़ राज्य की 12 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटें आती हैं। इसके साथ ही पार्टी ने पश्चिम बंगाल प्रदेश भाजपा के संगठन महासचिव सतीश धोंड को बिलासपुर संभाग का दायित्व सौंपा है। बिलासपुर संभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 8 जिले आते हैं जिसमें 25 विधानसभा और 4 लोकसभा की सीटें आती हैं। इसके अलावा पार्टी ने बिहार भाजपा के कोषाध्यक्ष दिलीप जायसवाल को छत्तीसगढ़ के रायपुर संभाग का दायित्व देकर इस संभाग के अंतर्गत आने वाले राज्य के 6 जिलों के 19 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटों पर चुनावी रणनीति को जमीनी धरातल पर सौंपने की जिम्मेदारी सौंपी है। बीजेपी ने बिहार के विधायक संजीव चौरसिया को दुर्ग संभाग का दायित्व सौंपा है। वहीं, दुर्ग संभाग में आने वाले जिलों की संख्या 8, विधानसभा सीटों की संख्या 20 और लोकसभा सीटों की संख्या 2 है। भाजपा ने झारखंड के विधायक अनंत ओझा को सरगुजा संभाग का दायित्व सौंपा है। इस संभाग के अंतर्गत 6 जिले, प्रदेश की 14 विधानसभा और एक लोकसभा सीट आती है।

### एक ही दिन दो बड़े आयोजन

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी दो सितंबर को एक साथ राजधानी रायपुर में सभा करेंगे। शाह रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में कांग्रेस सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी करेंगे। वहीं, राहुल गांधी नया रायपुर के मेला मैदान में युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा चुनाव से पहले पहली बार ऐसा हो रहा है कि शाह और राहुल एक ही दिन एक दूसरे पर निशाना साधेंगे। 70 दिनों के भीतर यह चौथा मौका है जब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। वहीं, राहुल गांधी प्रदेशभर के युवाओं से संवाद करेंगे। बस्तर से लेकर सरगुजा तक युवाओं को नवा रायपुर लाने के लिए कांग्रेस संगठन ने तैयारी की है। युवाओं की बड़ी संख्या को देखते हुए नवा रायपुर के मेला ग्राउंड में तैयारी की गई है। प्रदेश अध्यक्ष की कमान संभालने के बाद दीपक बैज के नेतृत्व में राहुल गांधी का पहला कार्यक्रम होने जा रहा है।

### संघ ब्रिगेड भी एक्टिव

छत्तीसगढ़ में इसी साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। विधानसभा चुनाव में भूपेश बघेल सरकार को हराने और 2018 के विधानसभा चुनाव में हुई गलती को दोहराने से बचने के लिए बीजेपी ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। बीजेपी ने देश के कई राज्यों से अपने नेताओं की फौज को प्रदेश की सभी 90 विधानसभा सीटों पर पहले ही उतार रखा है, लेकिन अब पार्टी ने धरातल से मिल रहे फीडबैक के आधार पर संघ की पृष्ठभूमि वाले नेताओं को छत्तीसगढ़ के विभिन्न इलाकों में तैनात कर दिया है। बीजेपी में आरएसएस की पृष्ठभूमि वाले नेताओं की भरमार है। आरएसएस से भाजपा में आने वाले कई नेता केंद्र में मंत्री हैं, कई राज्यों में मुख्यमंत्री और मंत्री है, सरकार से लेकर पार्टी संगठन में अहम पदों पर बैठे हैं। लेकिन, पार्टी संगठन में राष्ट्रीय संगठन महासचिव के पद पर नियुक्त नेता को भाजपा संगठन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीच की कड़ी माना जाता है।

# राशन कार्डधारियों को 30 सितंबर तक का मौका ई-केवाईसी कराने की आखिरी डेड लाइन जारी



### इस वजह से हो रही ई-केवाईसी

वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना के पूर्ण क्रियान्वयन के लिए राशनकार्ड के सभी सदस्यों के आधार की जानकारी प्रमाणीकृत होना आवश्यक है। राशनकार्ड में हितग्राहियों के आधार की जानकारी गलत दर्ज होने और आधार की जानकारी प्रमाणीकृत नहीं होने के कारण खाद्यान्न वितरण में समस्या बनी रहती है।

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भारत सरकार के निर्देश पर 'वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के हितग्राहियों का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कार्रवाई की अंतिम तारीख आज 31 अगस्त थी। इस तारीख को अब आगे बढ़ा दिया गया है। अब राशनकार्ड के सदस्यों को 30 सितंबर तक का मौका दिया गया है। पूरे प्रदेश भर में लाकों की संख्या में ई-केवाईसी की प्रक्रिया नहीं हो पाई है। इतनी बड़ी संख्या में ई-केवाईसी नहीं होने से आने वाले समय में दिक्कत हो सकती थी।

यहीं कारण है कि राज्य सरकार ने फिर से ई-केवाईसी की तारीख बढ़ा दी है। जिला खाद्य अधिकारी अरुण मेश्राम ने बताया कि जिन राशनकार्ड के सदस्यों का ई-केवाईसी नहीं हुआ है, वे 30 सितंबर तक अपने राशन दुकान में जाकर ई-केवाईसी करा सकते हैं। यह ई-केवाईसी निःशुल्क है।

विभागीय डेटाबेस में जिन हितग्राहियों का आधार दर्ज है, उनके आधार की जानकारी का प्रमाणीकरण के लिए ई-केवाईसी की कार्रवाई की जा रही है। शासकीय उचित मूल्य की दुकानों को प्रदान किये गए ई-पॉस उपकरण में ई-केवाईसी की सुविधा उपलब्ध है। ई-केवाईसी की कार्रवाई के लिए राशनकार्डधारी मुखिया, राशनकार्ड में दर्ज सभी सदस्य अपने-अपने आधार नंबर के साथ शासकीय उचित मूल्य दुकान पहुंचेंगे। जिसके बाद ही विक्रेता द्वारा ई-पॉस उपकरण में प्रत्येक सदस्य के आधार नंबर की पृथक-पृथक प्रविष्टि कर उनका फ्रिंगर प्रिंट स्कैन करवाकर ई-केवाईसी की कार्रवाई पूर्व करेंगे।

# 'एक देश एक चुनाव' पर सरकार ने बढ़ाया कदम, पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की अध्यक्षता में सरकार ने बनाई कमेटी

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** देश में बढ़ते चुनावी खर्च को कम करने के इरादे से केन्द्र सरकार एक देश एक चुनाव पर विचार कर रही है। शुक्रवार को सरकार ने इस दिशा में कदम बढ़ा दिया है। एक देश एक चुनाव की संभावनाओं पर विचार के लिए सरकार ने एक कमेटी बना दी है। इस कमेटी का अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को बनाया गया है। जल्द ही इस कमेटी के अन्य सदस्यों की भी घोषणा की जाएगी। सरकार के इस कदम के बाद विपक्ष ने एक बार फिर से विरोध के स्वर तेज कर दिए है।

एक देश एक चुनाव को लेकर केन्द्र सरकार ने वित्तीय खर्च को कम करने का तर्क दिया है। वर्तमान में हर साल देश में कहीं न कहीं चुनाव होते हैं। चुनाव कराने की वित्तीय लागत, बार-बार प्रशासनिक स्थिरता, सुरक्षा बलों की तैनाती में होने वाली परेशानी को देखते हुए एक देश एक चुनाव की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। यदि केन्द्र सरकार इसे लागू करने में सफल होती है तो देश में लोकसभा चुनाव के साथ सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव भी एक साथ ही होंगे।

वर्तमान परिस्थितियों में सरकार फिर से लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की संभावनाओं पर विचार कर रही है। अब इस दिशा में कमेटी का गठन एक बड़ा कदम है। सरकार ने इस दिशा में कदम तो बढ़ाया है लेकिन सरकार के लिए भी इस फैसले को लागू करना और इस संबंध में कानून बनाना आसान नहीं होगा। दरअसल एक साथ चुनाव कराने के लिए कई विधानसभाओं के कार्यकाल कटौती हो जाएगी। वहीं कुछ विधानसभा का कार्यकाल बढ़ भी सकता है। ऐसे में विपक्ष इसका पुरजोर विरोध की तैयारी में है।



### विपक्ष ने कहा अभी इसकी क्या जरूरत

इधर केन्द्र सरकार ने एक देश एक चुनाव की संभावनाओं पर विचार के लिए कमेटी बनाई और उधर विपक्ष ने विरोध शुरू कर दिया। कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दलों ने एक सुर में कहा है कि अभी इसकी क्या जरूरत है। देश में वैसे ही कई बड़ी समस्याएं हैं उस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। वहीं जानकारों की माने तो सरकार के इस कदम के बाद यदि एक देश, एक चुनाव लागू हो जाता है तो इसका सबसे ज्यादा नुकसान क्षेत्रीय दलों को होगा। दरअसल लोकसभा चुनाव राष्ट्रीय मुद्दों के आधार पर लड़ा जाता है और विधानसभा चुनाव क्षेत्रीय मुद्दों पर होते हैं। एक साथ चुनाव होने की दिशा में क्षेत्रीय दलों को इससे भाररी नुकसान हो सकता है।

### आजादी में एक साथ होते थे चुनाव

देश की आजादी के बाद लोकसभा व सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ ही होते थे। साल 1951-52 में लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए। इसके बाद यह सिलसिला 1957, 1962 और 1967 तक चला। इस दौरान भी लोकसभा और सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ हुए। इसबीच 1968 व 1969 में कुछ राज्यों के विधानसभा समय से पहले भंग हुए। इसके बाद 1970 में लोकसभा भी समय से पहले भंग हो गया। इसके कारण चुनावी चक्र टूट गया। अब स्थिति ये हो गई है कि हर साल कहीं ना कहीं चुनाव होते हैं।

# सबसे बढ़िया राज्य, सबसे बढ़िया मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ




जीवन में सकारात्मकता का बहुत महत्व है। यह महत्व तब और बड़ा हो जाता है जब चुनौतियों से घिरे विश्व में हम चारों तरफ नकारात्मकता और नफरत को पांव पसारते देख रहे हैं। खुद को अच्छा साबित करने के लिए किसी और को खराब साबित कर रहे हैं। अपनी उपलब्धियों का मोल बढ़ाने के लिए दूसरों की उपलब्धियों का उपहास कर रहे हैं। अपनी परम्पराओं, अपनी सोच और अपनी प्राथमिकताओं पर गर्व करना अच्छी बात है पर इससे दूसरों की सोच, परम्परा और प्राथमिकताओं को गलत और खराब बताने का हमें कोई अधिकार नहीं मिल जाता। पर देश की राजनीति में पिछले कुछ समय से राजनीति नफरत की दलदली जमीन पर हो रही है। जैसे-जैसे यह कलुषित परिपाटी जोर पकड़ रही है, उसके पांव और शरीर उतनी ही तेजी से इस दलदल में धंसते चले जा रहे हैं। ऐसे में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सोच का महत्व कई गुणा बढ़ जाता है। दो दिवसीय बिलासपुर प्रवास पर पहुंची राष्ट्रपति ने चंद वाक्यों में अपने दिल की भावना को उजागर कर दिया। उन्होंने भूपेश बघेल को 'सबसे बढ़िया राज्य के सबसे बढ़िया मुख्यमंत्री' के रूप में संबोधित किया। राज्य की सराहना करने के साथ ही उन्होंने केन्द्र की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारा देश नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि यदि 'राम राज्य' चाहिए तो 'राम-सीता' बनना होगा। राम और सीता दोनों ही त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति हैं। सतनाम और कबीर पंथ की इस पुण्यभूमि पर इससे अच्छी बातें नहीं कही जा सकती थी। कबीर दास जी ने कहा था - 'बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय। जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय॥' पर भारत की राजनीति में अब केवल दूसरों की बुराई ढूंढने की कला ही शेष रह गई है। जिस छत्तीसगढ़ की कार्ययोजनाओं और उपलब्धियों की स्वयं प्रधानमंत्री प्रशंसा करते रहे हैं, जिस छत्तीसगढ़ को देश के अनेक राज्यों के मुकाबले बेहतर होने का प्रमाणपत्र दिया जाता रहा है, चुनाव आते ही राजनीति उसकी सभी उपलब्धियों को नकारने लगती है। राष्ट्रपति का अभिप्राय स्पष्ट है कि अच्छी बातों की सराहना होनी। सराहना से ऊर्जा मिलती है, लोग बेहतर करने के लिए प्रेरित होते हैं। उलाहना और आलोचना उसकी कार्यक्षमता पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। दरअसल, प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय 'द ईयर ऑफ पॉजीटिव चेन्ज' की अवधारणा को लेकर आगे बढ़ रहा है। जीवन और भविष्य के प्रति सकारात्मकता की जरूरत आज बड़ी शिद्दत के साथ महसूस की जा रही है। राष्ट्रपति का मन होनहार बच्चों की आत्महत्या से व्यथित है। वे इसका कारण और समाधान ढूंढने का प्रयास करती हैं। वे कहती हैं, महान लोगों के जीवन से प्रेरणा लेना अच्छी बात है पर हमें अपनी रुचियों, अपनी क्षमताओं और सीमाओं को भी स्वीकार करना चाहिए। कठिनाइयों और बाधाओं को युक्तियों और श्रम से पार किया जा सकता है। बस अपने भीतर छिपी क्षमताओं को पहचानना होगा।



## संपादकीय

### फर्जी वेबसाइट

साइबर धोखाधड़ी को लेकर देश की सर्वोच्च अदालत की चिंता सुखद है। सर्वोच्च अदालत की रजिस्ट्री ने एक एडवाइजरी जारी की है और लोगों को उस घोटाले के बारे में आगाह किया है, जिसमें साइबर अपराधी लोगों की निजी जानकारी और गोपनीय डाटा चुराने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के नाम का इस्तेमाल कर रहे थे। यह कितनी संगीन बात है कि साइबर अपराधी सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट की भी नकल बना चुके हैं और फर्जी वेबसाइट की मदद से लोगों को बरगलाया जा रहा है? साइबर अपराधी लोगों से इस वेबसाइट के जरिये नाना प्रकार के व्यक्तिगत विवरण मांगते हैं और जाहिर है, उनका उपयोग फर्जीवाड़े के लिए होता होगा। देश में सर्वोच्च न्यायालय के प्रति लोगों में बहुत सम्मान और विश्वास की भावना है। अगर कोई न्यायालय का नाम खराब करना चाहता है, तो यह अक्षम्य अपराध है। न्यायालय की रजिस्ट्री ने सलाह दी है कि लोग बहुत परखने के बाद ही किसी वेबसाइट से जुड़ें। सर्वोच्च न्यायालय कभी भी किसी व्यक्ति से कोई गोपनीय जानकारी नहीं मांगता है। सलाह दी गई है कि लोग किसी भी प्राप्त लिंक की प्रामाणिकता की पुष्टि किए बिना न तो कभी क्लिक करें और न ही किसी से साझा करें। न्यायालय के इस दिशा-निर्देश की अक्षरशः पालना होनी चाहिए। देश में लोगों को फांसने की कोशिश होती रहती है, जिसे साइबर भाषा में 'फिशिंग' कहा जाता है, इस फिशिंग के खिलाफ पूरी कड़ाई बरतने की जरूरत है। खासकर जो प्रतिष्ठित और विश्वसनीय संस्थान हैं, उनके नाम या यूआरएल से मिलते-जुलते किसी भी नाम का पंजीकरण नहीं होना चाहिए। यूआरएल या डोमेन बेचने वाली किसी भी कंपनी को पाबंद किया जाना चाहिए कि मिलते-जुलते नाम से कोई भी अपराधी कोई वेबसाइट न खोल पाए। अगर आज सर्वोच्च न्यायालय को दिशा-निर्देश जारी करने पड़े हैं, तो मामले की गंभीरता सभी जिम्मेदार सरकारी संस्थाओं को समझनी चाहिए। अव्वल तो वेबसाइट के मिलते-जुलते नाम को मंजूरी ही न मिले और अगर कोई चोरी से ऐसी वेबसाइट बना भी ले, तो उसे कड़ा दंड देने में कोई हर्ज नहीं है। तमाम सरकारी या गैर-सरकारी संस्थानों के नाम और वेबसाइट की पवित्रता को सुनिश्चित करते हुए साइबर सेवाओं का विस्तार करना चाहिए। जामताड़ा और मेवात जैसे क्षेत्रों में बैठकर देश व इंटरनेट सेवा की विश्वसनीयता के साथ खिलवाड़ कर रहे अपराधियों पर शिकंजा कसना अनिवार्य है। काश! रोकथाम के लिए जिम्मेदार संस्थाएं ढंग से काम करतीं, तो न्यायालय को दिशा-निर्देश जारी करने की जरूरत ही नहीं पड़ती। साइबर दुनिया में हो रही लाखों रुपये की ठगी दरअसल देश की कानून-व्यवस्था को चुनौती है। हाल ही में पुणे में साइबर धोखाधड़ी के मामले में एक व्यक्ति ने 18 लाख रुपये से ज्यादा गंवाए हैं। साइबर मंच पर किसी भी तरह के झांसे में आने से बचने के लिए लोगों को प्रशिक्षित करना चाहिए। जब बहुत पढ़े-लिखे लोग ठगे जा रहे हैं, तब बाकी लोगों के बारे में क्या कहा जाए? मिसाल के लिए, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा चंद्रमा पर सॉफ्ट-लैंडिंग से इतिहास रचने के एक दिन बाद ही सरकार को चेतावनी जारी करनी पड़ी है। इंस्टाग्राम पर प्रसिद्ध इसरो की नकल करने वाले हैंडल मौजूद हैं। ऐसे कौन लोग हैं, जो प्रतिष्ठित संस्थानों के नाम पर फेक अकाउंट बना ले रहे हैं? ऐसे लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जरूरत है।

> “ यूआरएल या डोमेन बेचने वाली किसी भी कंपनी को पाबंद किया जाना चाहिए कि मिलते-जुलते नाम से कोई भी अपराधी कोई वेबसाइट न खोल पाए। अगर आज सर्वोच्च न्यायालय को दिशा-निर्देश जारी करने पड़े हैं, तो मामले की गंभीरता सभी जिम्मेदार सरकारी संस्थाओं को समझनी चाहिए।

## बदहाली गिग वर्कर्स की

वैसे तो भारत के आज के राजनीतिक विमर्श में श्रमिक वर्ग ही गायब है, लेकिन उनके बीच भी गिग वर्कर्स तो कुछ ज्यादा ही हाशिये पर हैं। इसलिए नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकॉनमिक रिसर्च (एनसीएईआर) और सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने इन श्रमिकों के बारे में अध्ययन किया, इसके लिए उनकी प्रशंसा की जाएगी। एनसीएईआर का अध्ययन 2019 से 2022 के बीच इन श्रमिकों की वास्तविक आमदनी में आई ठोस गिरावट के बारे में है। निष्कर्ष है कि इस अवधि में इन श्रमिकों की आमदनी में औसतन 10.4 प्रतिशत गिरावट आई। इस गिरावट की दो प्रमुख वजहें है: बढ़ी आम महंगाई और तेल की ऊंची कीमत। चूंकि गिग वर्कर्स- चाहे वो टैक्सी ड्राइवर हों या घर-घर सामान पहुंचाने वाले कर्मी- उन्हें अपने वाहन के रखरखाव का खर्च खुद ही उठाना पड़ता है, इसलिए तेल की महंगाई सीधे तौर पर उनकी आमदनी को कम कर देती है। नतीजा यह हुआ कि 2019 में रोजाना 11 घंटों तक काम करने वाले गिग वर्कर्स की औसत वास्तविक आमदनी जहां 13,470 रुपये थी, वह 2022 में 11,963 रुपये रह गई। छोटे शिफ्ट यानी रोज पांच घंटों तक काम करने वाले ऐसे श्रमिकों की वास्तविक आय औसतन 7,999 रुपये से गिर कर 7,157 रुपये रह गई।

यहां एक दूसरे अध्ययन का निष्कर्ष भी जरूर ध्यान में रखना चाहिए कि एक औसत गिग वर्कर आम शहरी पुरुष मजदूर की तुलना में कम कमा पाता है। एक निजी यूनिवर्सिटी की तरफ से गिग-पल्स शीर्षक से जारी रिपोर्ट के मुताबिक इन दोनों तरह के श्रमिकों की मासिक कमाई में औसतन तीन हजार रुपये का फर्क है। केंद्र सरकार के पीरियॉडिक लेबर फोर्स सर्वे 2022 से सामने आया था कि लगभग 74 प्रतिशत गिग वर्कर कोई बचत नहीं कर पाते हैं। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक देश में गिग वर्कर्स की संख्या 80 लाख से ज्यादा हो चुकी है। अर्थव्यवस्था और रोजगार में जैसे ट्रेंड हैं, उन्हें देखते हुए आसानी से अनुमान लगाया जा सकता है कि इन श्रमिकों की संख्या आने वाले दिनों में तेजी से बढ़ेगी। इसलिए उनकी बदहाली दूर करने के उपायों को चर्चा में लाने की आवश्यकता है।

## लोकसभा चुनाव समय पर होगा

विपक्षी पार्टियों के नेताओं के इस दावे का कोई आधार नहीं है कि लोकसभा का चुनाव समय से पहले हो सकता है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहले कहा कि भाजपा लोकसभा का चुनाव इस साल दिसंबर तक करा सकती है। इसके बाद यही बात बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दोहराई। उन्होंने भी कहा कि सरकार मुश्किल में है इसलिए वह जल्दी चुनाव में जा सकती है। ममता और नीतीश कुमार के अलावा कई और नेता अनौपचारिक बातचीत में इस बात की आशंका जता रहे हैं कि भाजपा अगले साल अप्रैल-मई की बजाय इस साल के अंत में चुनाव करा सकती है।

असल में विपक्षी पार्टियां इससे एक नैरेटिव बना रही हैं। सोची समझी योजना के तहत विपक्ष की ओर से यह बात कही जा रही है ताकि विपक्ष के गठबंधन 'इंडिया' पर फोकस बढ़े और उसे गंभीरता से लिया जाए। तभी विपक्ष की ओर से बार बार यह भी कहा जा रहा है कि जब से 'इंडिया' का गठन हुआ है तब से भाजपा परेशान। ममता बनर्जी ने तो रसोई गैस सिलिंडर की कीमतों में कटौती को भी इसी से जोड़ा और कहा कि 'इंडिया' की दो बैठक हुई है और उसी से सरकार कीमतें कम करने लगी। जल्दी चुनाव की संभावना जताना इसी नैरेटिव का हिस्सा है। इसका मकसद यह बताना है कि केंद्र सरकार और भाजपा दोनों विपक्षी गठबंधन की वजह से चिंता में हैं और चाहते हैं कि विपक्ष और मजबूत हो उससे पहले चुनाव करा लिया जाए ताकि उन्हें चुनाव की तैयारी का मौका नहीं मिले।

> “ भारत भी अपवाद नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संभवतः यह उम्मीद करने लगे थे कि वह चीन के साथ एक नया रिश्ता बना सकते हैं। मगर 2014 में चूमार, 2016 में परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह, 2017 में डोकलाम, 2020 में गलवान, अब तक पूर्वी लद्दाख और पड़ोसी देशों की राजधानियों में तीव्र प्रतिस्पर्द्धा ने उन्हें यही एहसास कराया है कि बीजिंग मूलतः नई दिल्ली के विरोध में ही है।

# भारत, चीन, अमेरिका के खट्टे-मीठे रिश्ते

प्रशांत झा

भारत, चीन और अमेरिका का जो त्रिकोण है, उसका बुनियादी तत्व अपनी जगह कायम है। दिल्ली और वाशिंगटन, दोनों अलग-अलग कारणों से बीजिंग की ताकत, हठधर्मिता और महत्वाकांक्षा को पसंद नहीं करते हैं। ये दोनों कभी अपने तईं, तो कभी मिलकर और कभी अन्य सहयोगी देशों के साथ चीन को रोकने के प्रयास कर रहे हैं। उधर, बीजिंग भी वाशिंगटन के प्रभुत्व या नई दिल्ली के बढ़ते कद से प्रसन्न नहीं होता। वह कभी अपने दम पर, तो कभी उन देशों के साथ मिलकर, जिन्हें वह एकजुट कर सकता है, नई दल्ली के खिलाफ दक्षिण एशिया के शक्ति संतुलन को और वाशिंगटन के खिलाफ व्यापक वैश्विक समीकरण को बदलने की कोशिशों में जुटा रहता है।

यह तस्वीर बदलने वाली नहीं है, मगर अंतरराष्ट्रीय राजनीति में इन देशों के शीर्ष नेता जिस व्यापक ढांचे में खुद को मुफीद पाते हैं, उसमें वे दिन-प्रतिदिन के आधार पर काम करते हैं। जैसे, अमेरिका को लीजिए। राष्ट्रपति जो बाइडन चीन के खिलाफ खासे मुखर हैं। उन्होंने मित्र राष्ट्रों का एक नेटवर्क बनाया है, घरेलू मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र को मजबूत किया है और चीन की तकनीकी ताकत पर भी हमला बोला है। मगर उन्हें अगले वर्ष एक कठिन चुनाव का भी सामना करना है, जिसको जीतने के लिए उन्हें अन्य कारकों के अलावा वैश्विक शांति कायम करनी होगी। यूक्रेन युद्ध में परोक्ष भागीदारी से आम अमेरिकी की वैश्विक हस्तक्षेप की इच्छा खत्म हो रही है। फिर बाइडन को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था पटरी पर रहे, क्योंकि यहां मंदी की आशंकाएं बेशक कम हुई हैं, पर सुधार की रफ्तार काफी धीमी है और महंगाई अब भी चिंता का विषय है। इन सब कामों के लिए जाहिर है, चीन के साथ अपेक्षाकृत स्थिर संबंध ही मददगार माना जा रहा है।



जहां तक चीन की बात है, तो करीब 10 साल पहले राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 'बेल्ट ऐंड रोड इनीशिएटिव' (बीआरआई) के साथ चीनी आक्रामकता के एक नए दौर की शुरुआत की थी। उन्होंने भले ही पिछले साल अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत की है, मगर जन-दबाव में झुकने का दुर्लभ उदाहरण पेश करते हुए वह पार्टी कांग्रेस के तुरंत बाद कोविड-19 की अपनी नीति बदलने को बाध्य भी हुए। अभी वह चीन के इतिहास के सबसे गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और उनकी नीति ने क्षेत्र में सहयोगी बनने वाले देशों की तुलना में कहीं अधिक राष्ट्रों को उनसे विमुख कर दिया है। बीजिंग के चारों ओर अचानक 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' बन गई है, जिससे घेरेबंदी की आशंका पैदा हो गई है। अपनी अर्थव्यवस्था को स्थिर करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि भू-राजनीतिक बिसात को वह फिर से अपने हित में कर सकते हैं, शी जिनपिंग को फिलहाल संयमित रहना होगा।

भारत भी अपवाद नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संभवतः यह उम्मीद करने लगे थे कि वह चीन के साथ एक नया रिश्ता बना सकते हैं। मगर 2014 में चूमार, 2016 में परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह, 2017 में डोकलाम, 2020 में गलवान, अब तक पूर्वी लद्दाख और पड़ोसी देशों की राजधानियों में तीव्र प्रतिस्पर्द्धा ने उन्हें यही एहसास कराया है कि बीजिंग मूलतः नई दिल्ली के विरोध में ही है। प्रधानमंत्री घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के साथ-साथ रक्षा और तकनीकी इकोसिस्टम बनाना चाहते हैं; पश्चिम, पूर्व और दक्षिण के साथ भारत की दोस्ती मजबूत करना चाहते हैं और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को भी सुनिश्चित करना चाहते हैं। मगर वह यह भी जानते हैं कि भारत को अपनी क्षमताएं बनाने और अंतर को पाटने के लिए अभी कुछ वक्त चाहिए, इसीलिए चीन एक ऐसा मसला है, जिस पर आक्रामक होने के बजाय उन्होंने रक्षात्मक मुद्रा अपनाई है। अगले साल उन्हें भी चुनाव का सामना करना है, इसलिए वह एक स्थिर सीमा चाह रहे होंगे और संभवतः इससे भी वाकिफ होंगे कि बीजिंग उनकी राष्ट्रवादी छवि को खंडित कर सकता है।

चूंकि सारी राजनीति स्थानीय है, इसलिए अचानक मुलाकातों का दौर भी शुरू हो जाता है। यदि वाशिंगटन ने चार वरिष्ठ राजनेताओं (एंटोनी जे ब्लिंकन, जेनेट येलेन, जीना रायमोंडो और जॉन कैरी) को बीजिंग भेजा, तो दिल्ली ने मध्य देशों के साथ अपनी राजनीतिक व सैन्य भागीदारी बढ़ा दी। चीन बेशक इसकी अनदेखी करने का दिखावा कर सकता है, लेकिन शायद वह ज्यादा असुरक्षित है, क्योंकि अर्थव्यवस्था पर ही उसके शासन की राजनीतिक वैधता टिकी हुई है।

हालांकि, तीनों में से कोई भी देश यह भ्रम नहीं पाल रहा कि इनके बीच प्रतिस्पर्द्धा की प्रकृति बदल जाएगी। भले ही इन देशों में सहभागिता बढ़ी है, पर इनमें प्रतिस्पर्द्धी गतिविधियां भी समान रूप से बढ़ रही हैं। वाशिंगटन ने बीजिंग को निशाना बनाते हुए तकनीकी निवेश संबंधी नए प्रतिबंध लगा दिए हैं और चीन के खिलाफ एक नया त्रिकोण बनाते हुए टोक्यो और सियोल को एक साथ किया है। बीजिंग ने यह दिखाने के लिए ब्रिक्स का विस्तार किया है कि उसके पास भी मित्र देश हैं। वह वाशिंगटन को दूर धकेलने की मुद्रा बनाए हुए है और एलएसी पर भी अपनी स्थिति बदलने का कोई संकेत नहीं दे रहा। भारत भी अमेरिका के साथ अपने संबंधों को मजबूती देने का काम जारी रखेगा। जी-20 बैठक से इतर भी प्रयास होंगे। भारत अगले साल क्वाड शिखर सम्मेलन की भी मेजबानी करेगा और यह अपने रक्षा औद्योगिक आधार को आधुनिक बनाने के साथ-साथ घरेलू रुकावटों को भी दूर करने की कोशिश करेगा।

ऐसे में, सैन्य तनातनी का दांव नुकसानदेह हो सकता है। दिल्ली और वाशिंगटन की दोस्ती को बीजिंग बेशक कमजोरी समझ सकता है और आर्थिक सुस्ती के बावजूद अपनी जनता पर पकड़ मजबूत बनाने के लिए चीनी कम्युनिस्ट पार्टी अति राष्ट्रवाद का सहारा ले सकती है। मगर कोई भी दुस्साहस प्रतिक्रिया को जन्म देगा, क्योंकि न तो जो बाइडन और न ही नरेंद्र मोदी चीनी आक्रामकता पर आंखें मूंदे रखने का जोखिम उठा सकते; वह भी तब, जब उनके घरेलू प्रतिद्वंद्वी नरम रुख अपनाने के लिए पहले से उन पर हमलावर हैं।

चीन ने अतीत में अपनी महत्वाकांक्षाओं की कीमत चुकाई है, इसलिए इस वक्त की बड़ी तस्वीर यही है कि तीनों देश एक-दूसरे पर नजर रखते हुए अपनी आंतरिक मजबूती में जुटे हैं। भू-राजनीति में कोई पूर्ण विराम नहीं होता, लेकिन एक संक्षिप्त अवधि के लिए यदि सभी पक्ष व्यावहारिक रुख अपनाते हैं, तो अगले दौर की तनातनी शुरू होने से पहले बयानबाजी और कार्रवाइयों में सुधार आ सकता है।

# हमारी सबसे बड़ी योग्यता है एक अच्छा इंसान बनना

नंदितेश निलय, नैतिक शिक्षा से जुड़े लेखक

मुझे इस लेख को लिखते वक्त स्वामी विवेकानंद की बातें याद आ रही हैं कि जीवन का दर्शन सिर्फ और सिर्फ अच्छा करो और अच्छा बनो है। पिछले दिनों भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ बेंगलुरु के नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी के 31वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे और किसी ने यह नहीं सोचा था कि वह कानूनी योग्यता से ज्यादा इंसानियत का पाठ याद दिलाएंगे। उन्होंने इशारा किया कि एक अच्छा इंसान होना और एक अच्छा वकील होना बराबर नहीं है। यदि आप कभी खुद को ऐसी स्थिति में पाते हैं, जब एक को दूसरे की कीमत चुकानी पड़े, तो मैं आपसे सबसे पहले अच्छा इंसान बनने का आग्रह करूंगा।

वैसे इस युग में पहली और अंतिम प्राथमिकता योग्य बनने की है। अच्छा बनकर रहना व्यक्तित्व की कमजोरी मानी जा रही है। अच्छे व्यक्ति को अक्सर हल्के में लिया जाता है, 'इमोशनल फूल' माना जाता है। स्वभाव की उद्दंडता जायज हो गई है, शर्त यह है कि वह बेशर्मी या उद्दंडता पैसा, नौकरी या व्यापार से लैस हो। समरथ को नहीं दोष गोसाईं। जी हां, गलाकाट प्रतिस्पर्द्धा के दौर में जहां हर परिवार, हर संस्था योग्यता को सर्वोच्च जरूरत मानती है, ऐसे में, अच्छा बनने की वकालत करना सुखद है। ऐसे ही विमर्श में प्लेटो, अरस्तू, सुकरात, कांट, रॉल्स, गांधी, विवेकानंद जैसे दार्शनिक भी लगे रहे। प्रारंभिक यूनानी दार्शनिक हमेशा दो प्रश्नों का उत्तर देने में रुचि रखते थे : दुनिया क्या है? अच्छा कौन है? जोसेफ सीफर्ट अपने लेख, मोरल गुडनेस अलोन इज गुड विदाउट क्वालिफिकेशन में कांट को उद्धृत करते हुए कहते हैं, नैतिक मूल्यों को किसी योग्यता की जरूरत नहीं होती। अच्छाई का नैतिक मूल्य अपने आप में संपूर्ण योग्यता है। प्लेटो ने अच्छाई की तुलना सूर्य के साथ की है, क्योंकि इसी के द्वारा हमें चीजों को सही रूप में देखने की योग्यता मिलती है।



महाभारत में भी कहा गया है, 'जब न कोई राज्य था, न कोई राजा, न शासन था, न राज्यपाल, तब प्रजा की रक्षा धर्म द्वारा की जाती थी। यह धर्म अच्छाई है, यह सभी के लिए है।

अतः अगर हम सुशासन और कानून के राज की बात करें, तो पाएंगे कानून का राज और सुशासन, एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। सुशासन तभी संभव है, जब समाज में स्वाभाविक रूप से अच्छाई हो। अगर शिक्षक अच्छा इंसान नहीं है, तो शिक्षा प्रदूषित हो जाती है और समाज बंट जाता है। अगर डॉक्टर अच्छा इंसान नहीं है, तो मरीज अमीर और गरीब में बंट जाते हैं। नागरिक अगर अच्छाई पर विश्वास करते हैं, तो कानून का शासन स्वतः संभव हो जाता है।

'वर्ल्ड जस्टिस प्रोजेक्ट' के 'रूल ऑफ लॉ इंडेक्स' से यह बात निकलकर आई है कि 113 देशों में से पांच देश ऐसे हैं, जिनके नागरिकों ने बिना किसी पूर्वाग्रह के एक खुश और अच्छे नागरिक की तरह कानून की पालना की है। इन देशों में यह पाया गया कि ऐसे अच्छे व्यवहार के पीछे कुछ खास कारण हैं, जैसे भ्रष्टाचार मुक्त समाज, अनुशासन व सुरक्षा, नागरिक और न्यायिक अधिकार इत्यादि। जहां सिंगापुर और न्यूजीलैंड भ्रष्टाचार मुक्त देश हैं, तो वहीं नीदरलैंड, स्वीडन, फिनलैंड, डेनमार्क और नॉर्वे इन मानकों में अव्वल पाए गए हैं।

दरअसल, अच्छाई का शासन कानून के राज से कहीं ज्यादा जरूरी है। सोचना चाहिए, नॉर्डिक देश वर्षों से शिक्षा, हैप्पीनेस इंडेक्स, लोक-कल्याणकारी राज्य की संकल्पना में सबसे आगे क्यों हैं? इसी संदर्भ में हमें यह भी देखना जरूरी है कि एक अच्छा नागरिक ही एक अच्छा यात्री भी होता है। वह उन्हीं देशों की यात्रा करना चाहता है, जहां अच्छाई या नैतिकता की पहचान होती है। एक लैटिन अमेरिकी कंपनी के सर्वे के अनुसार, जर्मनी, ऑस्ट्रिया, आइसलैंड आदि देश इस मानक पर खरे उतरते हैं। वर्ल्ड हप्पीनेस रिपोर्ट के संपादक प्रोफेसर हेलवेल कहते हैं, नॉर्डिक देश अगर वास्तव में शीर्ष पर हैं, तो विश्वास और परोपकार के कारण हैं।

यहां वायकॉम बशीर की याद स्वाभाविक है, जिन्हें 'फिलॉस्फर ऑफ गुडनेस' भी कहा जाता है। बशीर ने कहा है, 'गुडनेस का अर्थ है, सूखे पौधे को देखकर पानी डालने की इच्छा हो जाए या किसी भूखे को खाना खिलाने का मन कर जाए।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# प्रधानमंत्री का व्यापक दृष्टिकोण- भारत का स्वर्ण युग

पीयूष गोयल

लाल किले की प्राचीर से, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की प्रगति और समृद्धि से जुड़े लंबे समय तक चलने वाले स्वर्ण युग के संबंध में अपने व्यापक दृष्टिकोण को अभिव्यक्ति दी है, क्योंकि मां भारती हजारों वर्षों की गुलामी, अधीनता और दरिद्रता के बाद, आत्मविश्वास के साथ फिर से गौरव प्राप्त कर रही है।

नरेन्द्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं, जिनका जन्म आजादी के बाद हुआ है। प्रधानमंत्री देश के भविष्य के प्रति बहुत आशान्वित हैं। उनका आत्मविश्वास पिछले नौ साल में प्रगति के लिए किए गए अथक परिश्रम के बाद हुई ठोस प्रगति पर आधारित है। 140 करोड़ देशवासियों के धर्म, क्षेत्र, लिंग, जाति, उम्र या जातीय पहचान के आधार पर बिना कोई भेदभाव किए ये प्रयास किए गए हैं।

मोदी सरकार की प्रत्येक नीति उनके सुधार, प्रदर्शन और बदलाव के मंत्र को दर्शाती है, जो विशेष रूप से गरीबों और वंचितों को लाभान्वित कर रही है। इससे भारत को नौ वर्षों में दुनिया की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवें पायदान तक पहुंचने में मदद मिली है। भारतीय अर्थव्यवस्था, पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल के दौरान तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।

इस प्रगति को ठोस आर्थिक नीतियों, भ्रष्टाचार पर अंकुश, सरकारी खर्च में होने वाली चोरी को रोकने, शासन में दक्षता और पारदर्शिता की वृद्धि तथा उदार कल्याणकारी योजनाओं से गति मिली है।



**महिलाओं के नेतृत्व में होने वाला विकास**

बदलाव के एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में है- भारत में महिलाओं के नेतृत्व में होने वाला विकास। जैसा कि पीएम ने कहा, भारत में किसी भी अन्य देश की तुलना में महिला पायलटों की संख्या अधिक है और वे चंद्रयान मिशन जैसे उच्च तकनीक कार्यक्रमों में भी सबसे आगे हैं। यह गर्व की बात है कि लड़कों की तुलना में ज्यादा लड़कियां विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) विषय का चयन कर रही हैं। पीएम का लक्ष्य गांवों में 2 करोड़ लाखपति-दीदी बनाना और ड्रोन के संचालन एवं मरम्मत के कार्य में महिलाओं को शामिल करना है।

बदलाव की इस यात्रा में मोदी सरकार गरीबों को रोटी, कपड़ा और मकान के जीवन पर्यंत चलने वाले संघर्ष से मुक्ति दिला रही है। सरकार ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, लगभग 80 करोड़ लोगों को नि:शुल्क खाद्यान्न, राशन कार्डों की देशव्यापी वैधता, महिलाओं की गरिमा की रक्षा करने वाले शौचालय, प्रत्येक गांव में बिजली आपूर्ति, रसोई गैस, अच्छी सड़कें, स्वास्थ्य बीमा और किफायती इंटरनेट सेवा की सुविधाएं प्रदान की हैं। आवास उपलब्ध कराने और पाइप से पेयजल की आपूर्ति करने की योजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

मोदी सरकार ने अन्य देशों की तुलना में या पिछली सरकारों की तुलना में मुद्रास्फीति को बेहतर ढंग से प्रबंधित किया है, लेकिन जैसा कि पीएम ने कहा, इन प्रयासों के बावजूद सरकार आत्मसंतुष्ट नहीं है। देशवासियों पर महंगाई का बोझ कम करने के लिए सरकार विभिन्न कदम उठाएगी। प्रधानमंत्री की लोगों का ध्यान रखने वाली और उनके प्रति संवेदनशील नीतियों के कारण पिछले पांच वर्षों में (2021 तक) 13.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकलने में सफल रहे हैं और वे मध्यम वर्ग की श्रेणी में शामिल हो गए हैं।

एक सहस्राब्दी तक दु:ख झेलने के बाद, नया भारत आशा, आकांक्षा और महत्वाकांक्षा के केन्द्र के रूप में उभर रहा है। देश को बढ़ती युवा शक्ति, महिला शक्ति, मेहनती श्रमिकों और किसानों, प्रतिभाशाली कारीगरों और बुनकरों तथा एक समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा की संपदा प्राप्त है, जिनके कारण हम दुनिया भर में अपनी पहचान बना रहे हैं।

भारत का आकांक्षी युवा, मांग और उद्यमशीलता की ऊर्जा पैदा कर रहा है। मोदी सरकार आम लोगों को आवास, स्वास्थ्य देखभाल और खाद्यान्न प्रदान करने और करोड़ों लोगों को निर्धनता की बेड़ियों से बाहर निकलने में सफल रही है, विभिन्न उत्पादों की मांग बढ़ रही है। इससे हमारे लघु व्यवसायों और व्यापारियों के लिए नए अवसर पैदा हो रहे हैं। यह प्रतिभाशाली युवा पुरुषों और महिलाओं को स्टार्ट-अप बनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है, जो रोज़गार की इच्छा रखने वालों को रोज़गार प्रदाताओं में परिवर्तित कर रहा है। मोदी सरकार की मुद्रा ऋण योजना के अंतर्गत 8 करोड़ नए उद्यमियों को 23 लाख करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। इनमें से 70 प्रतिशत महिला उद्यमी हैं और 51 प्रतिशत लाभार्थी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं।

140 करोड़ लोगों की शक्ति और आकांक्षाओं पर आधारित भारत का रूपांतरण आज विश्व को दिखाई पड़ रहा है। आज, महामारी और यूक्रेन संकट के दोहरे आघात के बावजूद भारत को अशांत दुनिया में एक उज्ज्वल स्थान के रूप में विश्व स्तर पर सराहा जा रहा है।

### घबराया हुआ विपक्ष

अमृत काल के दौरान आशावाद के इस दौर में, जहां प्रधानमंत्री का दूरदर्शी नेतृत्व भारत को एक विकसित देश बनाएगा, कुछ लोग ऐसे भी हैं जो घबराए हुए हैं। वे तीन बुराइयों : भ्रष्टाचार, वंशवाद की राजनीति और तुष्टिकरण से लड़ने की प्रधानमंत्री की अपील से घबरा गए हैं। उनका डर समझा जा सकता है। सरकार ने प्रभावी कानून प्रवर्तन, प्रौद्योगिकी के उपयोग और पुराने कानूनों - जिनका दुरुपयोग लोगों को परेशान करने और रिश्वत वसूलने के लिए किया जाता था - को समाप्त करने के साथ भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए कई पहलें की हैं।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### सफलता की कहानी : रीपा की आजीविका गतिविधियों से महिलाओं में बढ़ा आत्मविश्वास

**महासमुंद।** राज्य सरकार महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) के माध्यम से महिलाओं व युवाओं को रोजगार के साथ ही उद्यमियों को अवसर देने का काम कर रही है। शासन के इन प्रयासों से लोग आर्थिक रूप सशक्त हो रहे हैं। रीपा में स्थानीय संसाधनों की उपलब्धता के अनुरूप व्यवसाय को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर व सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। आजीविका मूलक गतिविधियों से पर्याप्त रोजगार भी सृजित हो रहे हैं। जिले के बागबाहरा विकासखण्ड के ग्राम सिरपुर की कस्तूरबा महिला स्व सहायता समूह दोना पत्तल व्यवसाय कर अपने उद्यमी बनने का सपना साकार कर रहे हैं। रीपा से जुड़कर अपने आकांक्षाओं को हासिल कर महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर कदम रख रहे हैं। कस्तूरबा महिला स्व सहायता समूह में 10 सदस्य है। वे बताते है कि रीपा से जुड़कर जो हमें मिला है, उसकी तलाश हमें बरसो से थी। इससे पहले हम में से कोई कृषि कार्य कर अपना जीविकोपार्जन करते थे तो कोई मजदूरी कार्य कर। रीपा के अंतर्गत दोना पत्तल मशीन स्थापित कर हमें इस व्यवसाय से जोड़कर सरकार हमारी आर्थिक स्थिति को सुधारने का काम कर रहे है। इस कार्य से हमारा आत्मविश्वास और बढ़ा है। महिला सदस्यों ने बताया कि अब तक वे 3000 नग दोना एवं 5000 नग पत्तल का उत्पादन कर चुके है। जिसमें से 64 हजार रुपए का दोना व पत्तल विक्रय कर प्रति सदस्य 5-6 हजार रुपए मासिक आय अर्जित कर चुके हैं। समिति के सदस्यों का कहना है कि रीपा के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति मिली है।

### कौशल प्रशिक्षण से बेरोजगारों को मिल रहा रोजगार

**सूरजपुर।** मुख्यमंत्री द्वारा रोजगार विभाग के अंतर्गत बेरोजगारी भत्ता योजना 01 अप्रैल 2023 से प्रारंभ किया गया है। योजनांतर्गत 30 अप्रैल 2023 की स्थिति तक कुल 1395 पात्र हितग्राही थे। जिनको कुल 34 लाख 87 हजार 500 रुपये का भुगतान किया गया। इसी प्रकार 31 मई 2023 की स्थिति तक कुल 2298 पात्र हितग्राही थे। जिनको कुल 57 लाख 45 हजार 000 रुपये का भुगतान किया गया। इसी प्रकार 30 जून 2023 की स्थिति तक कुल 2475 पात्र हितग्राही थे। जिनको कुल 61 लाख 87 हजार 500 रुपये का भुगतान किया गया। इसी प्रकार 31 जुलाई 2023 की स्थिति तक कुल 2636 पात्र हितग्राही थे। जिनको कुल 65 लाख 90 हजार का भुगतान किया गया। इसी प्रकार माह 31 अगस्त 2023 की स्थिति तक कुल 2778 हितग्राहियों को बेरोजगारी भत्ता योजनांतर्गत पंचम किश्त की राशि 69 लाख 45 रूपये का भुगतान किया जाना है। इस प्रकार योजनांतर्गत कुल पाँचों किश्त की कुल राशि 2 करोड़ 89 लाख 55 हजार रूपये का भुगतान किया जा चुका है। जिसमें लगभग 60 प्रतिशत 1666 हितग्राही महिला तथा शेष 40 प्रतिशत 1112 हितग्राही पुरुष वर्ग से है। बेरोजगारी भत्ता के पात्र हितग्राहियों में से कुल 460 हितग्राहियों का कौशल विकास योजनांतर्गत अलग-अलग कौशलों में प्रशिक्षण हेतु चयन कर प्रशिक्षण प्रदाय किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण लाईवलीहुड कॉलेज के माध्यम से कोर्स असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, सिविंग मशीन ऑपरेटर, डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर फ्रंट लाइन हेल्थ वर्कर, ऑटोमोटिव सर्विस टेक्निशियन लेवल 3, फायर फाईटर, ऑफिस असिस्टेंट एवं ब्यूटी थेरेपिस्ट में कुल 370 हितग्राहियों का प्रशिक्षण संचालित है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु छत्तीसगढ़ की पुरातात्विक वैभव से हुईं रू-ब-रू

### तालागांव की रुद्रशिव प्रतिमा, रामगढ़ के सीताबेंगरा गुफा, सिरपुर के लक्ष्मण मंदिर, भोरमदेव के शिव मंदिर, बारसूर की गणेश प्रतिमा, सिरपुर की बौद्ध मूर्तियों तथा रतनपुर से मिले जैन तीर्थंकरों की प्रतिमाओं के बारे में विस्तार से जाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने अपने दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के पहले दिन आज रायपुर में महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय का अवलोकन किया। वे इस दौरान छत्तीसगढ़ की पुरातात्विक वैभव से रू-ब-रू हुईं। राष्ट्रपति ने इस बहुआयामी संग्रहालय में छत्तीसगढ़ और अन्य क्षेत्रों से प्राप्त प्राचीन मूर्तियों, अभिलेखों और ताम्रपत्रों के बारे में विस्तार से जाना। वे यहां की प्राचीन मूर्त धरोहर, राम वन गमन पथ तथा शिवनाथ नदी के दोनों ओर बसे गढ़ों से भी रू-ब-रू हुईं। संग्रहालय के भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राष्ट्रपति को तालागांव से प्राप्त रुद्रशिव प्रतिमा की प्रतिकृति भेंट की।**



राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने भी राष्ट्रपति के साथ संग्रहालय का अवलोकन किया। देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने 21 मार्च 1953 को महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय भवन का उद्घाटन किया था। यह संग्रहालय न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे देश में अपनी प्राचीनता और पुरातनता के लिए प्रसिद्ध है।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने महंत घासीदास संग्रहालय में बिलासपुर जिले के तालागांव में देवरानी मंदिर से प्राप्त रुद्रशिव प्रतिमा, सरगुजा के रामगढ़ में पत्थरों को काटकर बनाई गई विश्व की प्राचीनतम नाट्यशाला के रूप में मशहूर सीताबेंगरा गुफा, सिरपुर में पक्के ईंटों से निर्मित लक्ष्मण मंदिर, शिल्प और स्थापत्य में समानता के कारण छत्तीसगढ़ का खजुराहो कहे जाने वाले भोरमदेव के शिव मंदिर और बारसूर में पत्थर से निर्मित भगवान गणेश की विशाल प्रतिमा की प्रतिकृतियों और तस्वीरों का अवलोकन किया।

उन्होंने सिरपुर में वर्ष 1953 में टीलों की खुदाई में प्राप्त धातु निर्मित बौद्ध मूर्तियों जिनमें बौद्ध धर्म में ज्ञान के देवता मंजुश्री, भूमिस्पर्शमुद्रा व वरमुद्रा में बुद्ध और उनके अवतार वज्रपाणी की प्रतिमाएं शामिल हैं, उनको भी देखा। ये प्रतिमाएं केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि देश की उत्कृष्ट धातु शिल्प की धरोहर हैं जिनका प्रदर्शन कई अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों में हो चुका है। इन मूर्तियों को यहां संग्रहालय में सुरक्षित ढंग से रखा गया है।

राष्ट्रपति ने संग्रहालय के भ्रमण के दौरान रतनपुर से मिले 11वीं और 12वीं शताब्दी की भगवान विष्णु की प्रतिमा तथा जैन तीर्थंकरों की प्रतिमाओं के बारे में भी जाना। इनमें जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ, 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ तथा 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी की प्रतिमाएं शामिल हैं। उन्होंने ग्राम किरारी के तालाब से प्राप्त दो हजार वर्ष पुराना और अनूठा काष्ठ स्तंभ लेख तथा सिरपुर से खुदाई में मिला एक हजार वर्ष पुराना मिट्टी का अन्न संग्राहक पात्र भी देखा। राष्ट्रपति के संग्रहालय भ्रमण के दौरान संस्कृति विभाग के सचिव श्री अन्बलगन पी. और संचालक श्री विवेक आचार्य भी मौजूद थे।

महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय के भ्रमण के बाद राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने संग्रहालय की टीम की सराहना की। उन्होंने विजिटर्स बुक में लिखा कि यहां प्रदर्शित कलाकृतियां और प्राचीन अवशेष भारतीय इतिहास के ज्ञान में वृद्धि करते हैं। रुद्रशिव की मूर्ति, सिरपुर की धातु मूर्तियां तथा लकड़ी के खंभे पर दो हजार साल पहले लिखा गया लेख इस संग्रहालय में सावधानीपूर्वक रखे गए हैं। उन्होंने गौरवशाली अतीत के साक्ष्यों को संभालने के लिए संग्रहालय की पूरी टीम को बधाई दी।

## स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित की जाए- कलेक्टर

श्रीकंचपनथ न्यूज

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा ने कहा कि विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के कार्य को सफ्लतापूर्वक एवं स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित की जाए। श्री शर्मा आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विधानसभा आम निर्वाचन के रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, प्रभारी अधिकारियों तथा नोडल अधिकारियों के अलावा पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर उक्ताशय के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से चुनाव संपन्न कराना निर्वाचन आयोग एवं प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है। जो कि निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारियों के कार्य, व्यवहार एवं आचरण में परिलक्षित होनी चाहिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र कुमार यादव, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्वत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चंद्रकांत कौशिक, अपर कलेक्टर श्री शशांक पाण्डेय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शर्मा ने निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी तैयारियों की बारी-बारी से समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने कानून व्यवस्था के अंतर्गत पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों की रूकने की व्यवस्था तथा संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केंद्रों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों तथा तहसीलदारों एवं थाना प्रभारियों को समन्वय बनाकर तथा संयुक्त रूप से फील्ड विजिट कर वस्तु स्थिति की जानकारी रखने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने जिले में मादक पदार्थों के अवैध परिवहन एवं विक्रय की स्थिति की समीक्षा करते हुए पुलिस एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों को इस कार्य में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में श्री शर्मा ने फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत दावा आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त को वृद्धि कर 11 सितंबर 2023 तक कर दी गई है। उन्होंने सभी रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर अनिवार्य रूप से कार्रवाई विवरण बनाने के निर्देश दिए। समीक्षा करते हुए जिले के मतदान केंद्रों में अधोसंरचना से जुड़े कार्यों के अलावा मतदान दलों के लिए भोजन व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई, विद्युत एवं शौचालय तथा ठहरने आदि की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शर्मा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मतदान दलों एवं निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए जरूरी चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल में बैगा बच्चे बोलने लगे फर्राटेदार अंग्रेजी

## चिल्फी गांव के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बच्चों में शिक्षा के प्रति आया सकारात्मक बदलाव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन की अंग्रेजी माध्यम स्कूल से वनांचल के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा और आदिवासी समाज के बच्चों को भी पढ़ने के लिए बेहतर माहौल मिल रहा है। आर्थिक रूप से गरीब और कमजोर वर्ग के प्रतिभा-वान बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। बहुत ही कम समय में स्कूल ने अपनी लोकप्रियता हासिल कर ली है। राज्य सरकार द्वारा अंग्रेजी माध्यम के साथ-साथ हिन्दी माध्यम स्कूल में अत्याधुनिक सुविधा के साथ बच्चों को सुविधा दी जा रही है।**



प्रदेश में शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना के अंतर्गत प्रदेश में अब 377 अंग्रेजी माध्यम तथा 339 हिंदी माध्यम विद्यालय संचालित किये जा रहे हैं। जहां 4 लाख 21 हजार बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। यहां से निकले युवाओं को अंग्रेजी माध्यम में उच्च शिक्षा की सुविधा देने के लिए शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम के 10 कॉलेज, जिले में शुरू किये गए है। प्रदेश के सभी स्कूलों के भवन तथा अन्य सुविधाओं को उच्च स्तरीय बनाने के लिए इसी वर्ष मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना की शुरूआत की गई। जिसमें 2 हजार 133 करोड़ की लागत से 29 हजार से अधिक शालाओं में समुचित कार्य कराए जा रहे है।

इसमें से लगभग 2 हजार शालाओं में कार्य पूर्ण हो चुके है। और 14 हजार शालाओं की कार्य प्रगति पर हैं। इसका सीधा लाभ स्कूलों को मिला रहा है। छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले के अंतिम छोर स्थित गांव चिल्फी में स्वामी आत्मानंद स्कूल में विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति के बच्चे भी पढ़ने जाते है। और अपने सपने साकार कर रहे है। जंगलों और मैकल पर्वत के बीच में बसे चिल्फी में आसपास गांव के लगभग 5463 बच्चें अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा ले रहे है। चिल्फी को छोटा शिमला के नाम से भी जाना जाता है। मैकल पर्वत श्रृखलाओं के बीच विशेष पिछड़ी जनजाति निवास करते हैं। स्कूल में 392 युवाओं को रोजगार के अवसर मिले है। कबीरधाम जिले में स्वामी आत्मानंद के 9 विद्यालय संचालित हैं।

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बोझ को कम कर दिया है। प्राइवेट स्कूल की तरह ही अब शासकीय स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम से उत्कृष्ट शिक्षा दी जा रही है। शिक्षा की गुणवत्ता को देखते हुए बड़ी संख्या में पालक अपने बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाने के लिए आगे आ रहे हैं।

## भाजपा को कांग्रेस की नहीं बल्कि अपनी परफार्मेंस की चिंता करनी चाहिये - दीपक बैज

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा के गुटबाजी के शिकार हुए विष्णु देव साय को कांग्रेस की नहीं बल्कि भाजपा की परफॉर्मेंस की चिंता करनी चाहिए। मुद्दाविहीन भाजपा ईडी और सीबीआई के सहारे चुनाव लड़ना चाहती है।**



भाजपा के पास प्रदेश में ना मुद्दा है ना चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी है भाजपा ने जो 21 प्रत्याशियों की सूची जारी की है उसका भी विरोध बीजेपी के नेता और कार्यकर्ता कर रहे हैं। विष्णु देव साय को डॉ. रमन सिंह, सरोज पांडे, बृजमोहन अग्रवाल ने विश्व आदिवासी दिवस के दिन ही पद से हटवा दिया। भाजपा को अपने वर्तमान के 13 विधायकों के परफॉर्मेंस के बारे में चिंता करनी चाहिये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस सरकार का परफॉर्मेंस बेहतर है तभी तो प्रदेश में हुए विधानसभा के पांच उपचुनाव नगर निगम के चुनाव नगर पालिका के चुनाव जिला पंचायत के चुनाव में भाजपा को मुंह की खानी पड़ी है। और आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की करारी हार का संकेत बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व को मिल गया है इसीलिए जो भाजपा नरेंद्र मोदी के चेहरा में चुनाव लड़ने का दावा कर रही थी वो अब मोदी का नाम लेने से बच रही है। अमित शाह रात में आकर गुपचुप मीटिंग कर सुबह जनता से दूरी बनाकर वापस चले जाते हैं। भाजपा के द्वारा कराई गई हर सर्वे में भाजपा का परफॉर्मेंस शून्य बता रहा है और विष्णु देव साय कांग्रेस के विधायकों पर सवाल उठाकर अपनी राजनीतिक जिम्मेदारियां का निर्वहन कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने 36 बिंदुओं के घोषणा पत्र में 34 वादों को पूरा करके प्रदेश की जनता को खुशहाल बनाया है। प्रदेश के हर वर्ग के साथ न्याय हो रहा है भूपेश सरकार के ऊपर हर वर्ग का भरोसा बढ़ा है और आने वाले विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस जनता के इन्हीं भरोसे के बदौलत 75 से अधिक सीट जीतकर पुनः सरकार बनाएगी।







## खास खबर...

### छत्तीसगढ़ में अब तक 730 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2023 से अब तक राज्य में 730 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2023 से 31 अगस्त सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1282.9 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 336.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 655.7 मिमी, बलरामपुर में 695.3 मिमी, जशपुर में 593.6 मिमी, कोरिया में 707.6 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 715 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

इसी प्रकार, रायपुर जिले में 827.3 मिमी, बलौदाबाजार में 723.2 मिमी, गरियाबंद में 661.3 मिमी, महासमुंद में 754.7 मिमी, धमतरी में 722 मिमी, बिलासपुर में 746.2 मिमी, मुंगेली में 884.5 मिमी, रायगढ़ में 813.1 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 660.6 मिमी, जांजगीर-चांपा में 615.9 मिमी, सक्ती में 608.2 मिमी, कोरबा में 719 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 745.4 मिमी, दुर्ग में 582 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 569 मिमी, राजनांदगांव में 784.7 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 923.7 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 747.1 मिमी, बालोद में 767.2 मिमी, बेमेतरा में 561.8 मिमी, बस्तर में 784.4 मिमी, कोण्डागांव में 691.4 मिमी, कांकेर में 682.7 मिमी, नारायणपुर में 686.8 मिमी, दंतेवाड़ा में 853 मिमी और सुकमा में 1085.2 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

### फुण्डहर गौठान में पशुओं की नीलामी स्थगित

**रायपुर।** रायपुर जिले के ग्राम फुण्डहर गौठान में पशुओं की नीलामी आगामी आदेश तक के लिए स्थगित कर दी गई है। नगर निगम रायपुर के जोन क्रमांक-9 के आयुक्त ने बताया कि विगत 15 दिवस से अधिक रखे गए कुल 51 नग गाय, बछड़ा, बछिया और सांड को खुली नीलामी द्वारा 1 सितंबर को अपरान्ह 3 बजे फुण्डहर गौठान में नीलामी की जानी थी। किन्तु नीलामी के पूर्व पशुधन विभाग से समन्वय स्थापित कर मालिकाना हक की जानकारी और पशुओं की चिकित्सकीय जांच करते हुए पशुओं की कीमत (मूल्य) तय करने की प्रक्रिया पूर्ण नहीं होने के कारण नीलामी स्थगित कर दी गई है। उक्त प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद नीलामी की सूचना पृथक से जारी की जाएगी।

### बीएड उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी शामिल हो सकेंगे सहायक शिक्षक भर्ती काउंसिलिंग में

**रायपुर।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार सहायक शिक्षक भर्ती के लिए ऑनलाईन काउंसिलिंग में बीएड उत्तीर्ण अभ्यर्थी को शामिल किया जा रहा है। ऑनलाईन काउंसिलिंग में 1 से 7 सितंबर तक पूर्व में जारी कट ऑफरैंक के भीतर आने वाले बी.एड. उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग लेंगे। केवल अनुसूचित जाति बहुविकलांग वर्ग (एमसी) में 117667 कट ऑफ रैंक के भीतर के अभ्यर्थियों को शामिल किया गया है।

सहायक शिक्षक पद पर होने वाली समस्त नियुक्तियां हाई कोर्ट में दायर याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी.एस. 5788/2023 एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के एस.एल.पी. (सिविल) डायरी नम्बर 35325/2023 में पारित निर्णय के अधीन रहेगी।

गौरतलब है कि हाई कोर्ट द्वारा याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी.एस. 5788/2023 में 21 अगस्त 2023 को पारित आदेश में सहायक शिक्षक पद के लिये डी.एड. उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को ही नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल करने आदेशित किया गया था और बी.एड. उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्रक्रिया में स्थगन दिया गया था। इस स्थगन आदेश के परिपेक्ष्य में ऑनलाईन काउंसिलिंग प्रक्रिया 23 अगस्त 2023 से 30 अगस्त 2023 तक सायं 5.00 बजे तक की गई थी। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इसे 07 सितम्बर 2023 सायं 05.00 बजे तक बढ़ाया गया है।

# 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया', इस कहावत में है सदियों का सच- राष्ट्रपति मुर्मु

## साइंस और टेक्नालाजी के साथ जीवन में आध्यात्मिकता का भी समावेश हो तो जिंदगी होगी बेहतर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के 'सकारात्मक परिवर्तन वर्ष - 2023' का किया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जय जोहार, छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया। मुझे छत्तीसगढ़ की धरती पर आप सबसे मिलने का अवसर मिला। मेरी इच्छा आज पूरी हुई। एक कहावत है छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया, ऐसी कहावतों के माध्यम से सदियों से चल रहे सत्य को मात्र शब्दों में कह दिया जाता है। यह बात आज यहां रायपुर के शांति सरोवर स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के वार्षिक परियोजना सकारात्मक परिवर्तन वर्ष 2023 के शुभारंभ समारोह के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कही।




### जब कोई समाज सकारात्मक बदलाव को अपनाता है तब वह और अधिक मजबूत हो जाता

अपने संबोधन में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा कि सकारात्मक परिवर्तन का मतलब ऐसे परिवर्तन से है जिसका लाभ व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र को हो। जब कोई समाज सकारात्मक बदलाव को अपनाता है तब वह और अधिक मजबूत हो जाता है। हम सभी जानते हैं कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है। जो रूढ़िवादी और परंपरावादी समाज अपनी मान्यताओं और परंपराओं को बदलना नहीं चाहता वह मुख्यधारा से कट जाता है। समय और आवश्यकता के अनुसार समाज में परिवर्तन आवश्यक हो जाता है। जब तूफान चलता है तो वही पेड़ सुरक्षित रहता है जो झुकना जानता है। इसलिए हमें परिस्थितियों के अनुसार ढलना चाहिए। आपकी संस्था आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन के कार्य में सकारात्मक भूमिका निभा रही है।

### राष्ट्रपति का आगमन छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए बहुत गौरव का क्षण: सीएम बघेल



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रपति का आगमन छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए बहुत गौरव का क्षण है। उनकी इस यात्रा के लिए मैं छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ नागरिकों की ओर से उन्हें बहुत धन्यवाद देता हूं। आज राष्ट्रपति के रूप में पूरे देश की मुखिया के आगमन से हम छत्तीसगढ़ के लोग विशेष आत्मीयता का अनुभव कर रहे हैं। ऐसा लग रहा है जैसे कोई अपना, अपने ही घर आया है। यह प्रदेश एक आदिवासी प्रदेश है, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोग बहुत बड़ी संख्या में यहां निवास करते हैं। सभी वंचितों को न्याय मिले, यह संविधान की भावना है। छत्तीसगढ़ प्रदेश की नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों के संचालन में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का आध्यात्मिक मार्गदर्शन हमें मिलता रहा है। इस मौके पर माउण्ट आबू से संस्थान के कार्यकारी सचिव ब्रह्मकुमारी मृत्युंजय भाई, रायपुर सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्मकुमारी सविता देवी, इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्मकुमारी हेमलता दीदी, भिलाई केंद्र की संचालिका ब्रह्मकुमारी आशा दीदी, शिक्षाविद सेवा प्रभाग की एडिशनल डायरेक्टर लीना दीदी, न्यायाविद सेवा प्रभाग के राष्ट्रीय समन्वयक नथमल भाई सहित संस्था के अन्य प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि साइंस और टेक्नालाजी के साथ ही जीवन में आध्यात्मिकता का भी समावेश हो तो जीवन आनंद से भर जाता है। हमारी नई पीढ़ी बहुत प्रतिभाशाली है। कभी-कभी धैर्य की कमी होने की वजह से वे निराश हो जाते हैं। उन्हें बताना है कि अपनी रुचि के क्षेत्र में धैर्य और पूरे आत्मविश्वास के साथ कड़ी मेहनत करें तो सफलता जरूर मिलती है। ब्रह्मकुमारी परिवार हमेशा से इसके लिए प्रयास कर रहा है ताकि हम बेहतर समझ के साथ विपरीत परिस्थितियों का सामना कर सकें।

राष्ट्रपति ने कहा कि पूरी मानवता के कल्याण के लिए ब्रह्मकुमारी परिवार बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। मैं इसके लिए बधाई देती हूँ। सकारात्मक परिवर्तन को लेकर ओडिशा में यह कार्यक्रम शुरू हुआ है और मैं आज यहां आप सभी के बीच में भी हूं। मैं यहां पहले ही आ चुकी हूं। फिर से बुलाने के लिए आप सभी को धन्यवाद देती हूं। उन्होंने कहा कि एक ओर हमारा देश नित-नई ऊंचाइयों को छू रहा है, चांद पर तिरंगा लहरा रहा है और विश्वस्तरीय खेलों में कीर्तिमान रच रहा है। हमारे देशवासी अनेक नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर एक अत्यंत गम्भीर विषय है कुछ दिन पहले नीट की तैयारी कर रहे दो विद्यार्थियों ने अपने जीवन, अपने सपनों, अपने भविष्य का अंत कर दिया। ऐसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए बल्कि हमें प्रतिस्पर्धा को सकारात्मक रूप से लेना चाहिए। हार-जीत तो होती रहती है। राष्ट्रपति ने कहा कि बच्चों पर कांपिटिशन का प्रेशर है लेकिन जितना जरूरी उनका करियर है। उतना ही जरूरी है कि वे जीवन की चुनौतियों का डटकर सामना कर सकें। पाजिटिव थीम की सहायता से हम उन बच्चों की मदद कर सकते हैं जो बच्चे ऐसे मोड़ पर निराश हो जाते हैं।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर अध्यात्म से जुड़े अपने अनुभव भी साझा किये। उन्होंने कहा कि मेरी आध्यात्मिक यात्रा में भी ब्रह्मकुमारी संस्था ने मेरा बहुत साथ दिया है। जब मेरे जीवन में कठिनाई थी तब मैं उनके पास जाती थी। ब्रह्मकुमारी का रास्ता मुझे बहुत अच्छा लगा। आप सहजता से काम करते हुए आप अपनी जिंदगी को बेहतर तरीके से जी सकते हैं। जिंदगी जीने की कला वो सिखाते हैं।उन्होंने कहा कि हम आज सभी टेक्नालाजी के युग में जी रहे हैं। बच्चे आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की बात कर रहे हैं लेकिन यह भी जरूरी है कि दिन का कुछ समय मोबाइल से दूर रहकर बिताएं।

### आईपीएस भावना गुप्ता को मिला अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार

**रायपुर (ए)।** आईपीएस भावना गुप्ता को IACP अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वे वर्तमान में एसपी बेमेतरा के पद पर तैनात हैं। उन्हें प्रतिष्ठित 40 अंडर 40 आईएसीपी अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, जो हर साल दुनिया भर में पुलिस सेवा में 40 लीडर को दिया जाता है। इसके साथ ही वह यह सम्मान पाने वाली राज्य की पहली महिला आईपीएस बन गई हैं। यह पुरस्कार एसपी सूरजपुर और एसपी सरगुजा के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान उनके उत्कृष्ट कार्य और नेतृत्व के लिए दिया गया है। विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अन्य महिला केंद्रित पहलों के बीच 2000 से अधिक आदिवासी लड़कियों को व्यापक आत्मरक्षा में प्रशिक्षित करने के लिए हिम्मत प्रोग। बता दें कि इससे पहले IACP अवार्ड आईपीएस आरिफ शेख और संतोष सिंह को मिल चुका है।

### छत्तीसगढ़ में फिर झमाझम बारिश के आसार

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ में अगले सप्ताह से मौसम का मिजाज बदलने वाला है और फिर से लगातार बारिश शुरू होगी। मौसम विभाग का कहना है कि चार सितंबर से प्रदेश भर में व्यापक वर्षा शुरू होने के आसार है। प्रदेश में एक जून से लेकर 29 अगस्त तक की स्थिति में 736.2 मिमी बारिश हुई है,जो सामान्य से 19 फीसद कम है। बीजापुर में सर्वाधिक 1321.4 मिमी बारिश हुई है, वहीं सरगुजा में सबसे कम बारिश 387.4 मिमी हुई है।बुधवार शाम हुई बारिश के बाद गुरुवार को मौसम का मिजाज फिर बदल गया। आंशिक रूप से बादल छाने के बाद भी उमस में बढ़ोतरी रही। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दो से तीन दिनों में तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा।



### जनसंपर्क विभाग के संयुक्त संचालक भगवती कुमार सिंह सेवानिवृत्त

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) नवा रायपुर में पदस्थ संयुक्त संचालक (जनसंपर्क) भगवती कुमार सिंह के अधिवार्षिकी पूर्ण होने पर पुलिस मुख्यालय द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस मौक पर आयोजित विदाई समारोह में पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने सिंह को शॉल, श्रीफल एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनके स्वस्थ सुदीर्घ सुखमय जीवन की कामना की।

संयुक्त संचालक भगवती सिंह की सेवानिवृत्ति पर जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उनके सुखद एवं निरोग जीवन की कामना की। उल्लेखनीय है कि श्री सिंह ने अपने दीर्घ सेवाकाल में विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए अपने कर्तव्यों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया है। उन्होंने गृह विभाग में लंबे समय तक प्रतिनियुक्ति पर महत्वपूर्ण सेवाएं दी हैं। श्री सिंह ने अविभाजित मध्यप्रदेश से अपनी सेवा की शुरूआत की। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद संचालनालय एवं रायगढ़, बिलासपुर जिलों में भी अपनी सेवाएं दी।

## मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए अब 11 सितम्बर तक ली जाएंगी दावा-आपत्ति

भारत निर्वाचन आयोग ने बढ़ाई अंतिम तिथि, 2-3 सितम्बर को सभी मतदान केंद्रों में विशेष शिविर भी

आयोग ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और मताधिकार के उपयोग की अपील की

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में अभी चल रहे मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 के लिए दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, नाम कटवाने तथा संशोधन के लिए 11 सितम्बर तक दावा-आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे। इस दौरान आगामी शनिवार, 2 सितम्बर और रविवार, 3 सितम्बर को प्रदेश के सभी मतदान केंद्रों में इसके लिए विशेष शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने लोगों से अपील की है कि वे सुदृढ़ लोकतंत्र एवं मतदान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं तथा अपने मताधिकार का उपयोग करें।

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा राज्य में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 कार्यक्रम के तहत दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की अवधि पूर्व में 2 अगस्त से 31 अगस्त तक निर्धारित की थी। आयोग ने इसके लिए अंतिम तिथि अब 11 सितम्बर 2023 तक बढ़ा दी है। आयोग ने सभी कलेक्टरों एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं। राज्य के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को इस बारे में लिखित में संसूचित भी किया गया है। मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए सभी मतदान केन्द्रों में आगामी शनिवार, 2 सितम्बर तथा रविवार, 3 सितम्बर को विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा ।

छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2023 को दृष्टिगत रखते हुये निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रदेश के नागरिक जो किन्हीं कारणों से 31 अगस्त 2023 तक अपना आवेदन या दावा-आपत्ति मतदान केन्द्र या बूथ लेवल अधिकारी के पास जमा नहीं करवा पाए हैं, वे अब 11 सितम्बर 2023 तक अपना आवेदन मतदान केन्द्र में जमा कर सकते हैं। आयोग ने इसमें सुविधा के लिए ऑनलाइन वोटर पोर्टल voters.eci.gov.in तथा वोटर्स हेल्पलाइन एप का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करने की अपील की है। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 के लिए प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण 28 सितम्बर तक किया जाकर इसका अंतिम प्रकाशन पूर्व की भांति 4 अक्टूबर 2023 को किया जाएगा।



### जनसंपर्क विभाग के हेमसिंह साहू को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

**रायपुर।** जिला जनसंपर्क कार्यालय बालोद में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 हेमसिंह साहू के सेवानिवृत्त होने पर कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा उन्हें विदाई दी गई। इस अवसर पर कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने उनके कार्यों एवं व्यवहार की सराहना करते हुए उनके सफल, सुदीर्घ एवं यशस्वी जीवन की कामना की।

जनसंपर्क कार्यालय बालोद के सहायक संचालक चंद्रेश ठाकुर ने साहू समय के प्रति पाबंद एवं सजगता से कार्य करने की सराहना की। इस अवसर पर हेमसिंह साहू ने जनसंपर्क विभाग के कार्यों एवं अनुभवों को साझा किया। समारोह में सहायक सूचना अधिकारी राजेश नेताम सहित अन्य कर्मचारियों और पत्रकारों ने भी साहू की खुशहाल एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में हेमसिंह साहू की धर्मपत्नी बेला बाई साहू सहित उनके परिजनों सहित जिला जनसंपर्क कार्यालय बालोद के सभी अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# इंटरमिटेंट फास्टिंगः यह है इस डाइट के फायदे और नुकसान



इंटरमिटेंट फास्टिंग वजन कम करने के लिए किए जाने वाले उपवास का एक तरीका है। यह सामान्य डाइट से अलग खाने का एक पैटर्न है और इससे वजन कम करने के साथ-साथ अन्य कई स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं। हालांकि, इसे बिना डॉक्टरी सलाह के फॉलो करने से बचें। आइए आज हम आपको इस डाइट के फायदे और इससे जुड़े दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताते हैं।

### इंटरमिटेंट फास्टिंग के प्रकार

इंटरमिटेंट फास्टिंग के 10 प्रकार हैं, जिसमें से सबसे चर्चित 2 प्रकार ( 16/8 इंटरमिटेंट फास्टिंग और हर दूसरे दिन उपवास रखना) हैं। 16/8 इंटरमिटेंट फास्टिंगः इसके अंतर्गत व्यक्ति को 16 घंटे तक उपवास रखना और 8 घंटे का समय खाने के लिए होता है। हर दूसरे दिन का उपवासः इसमें हफ्ते के हर दूसरे दिन उपवास रखा जाता है। उदाहरण के लिए अगर कोई सोमवार को खाना खा रहा है तो वो मंगलवार को उपवास रख सकता है।

### इंटरमिटेंट फास्टिंग को फॉलो करने से मिलने वाले फायदे

एक शोध के मुताबिक, इंटरमिटेंट फास्टिंग सामान्य वजन, अधिक वजन और मोटापे से ग्रस्त व्यक्तियों के बीच वजन घटाने में प्रभावी हो सकती है। इसके अलावा यह डाइट हृदय को स्वस्थ रखने, खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने, कैंसर के जोखिम कम करने और लीवर को डिटॉक्स करने में भी मदद कर सकती है। यह डाइट मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होती है।

### इंटरमिटेंट फास्टिंग से हो सकते हैं ये नुकसान

कई अध्ययनों में इंटरमिटेंट फास्टिंग के कुछ नुकसान भी सामने आए हैं। जैसे कि जब कोई व्यक्ति इंटरमिटेंट फास्टिंग शुरू करता है तो उसका शरीर अलग तरह से काम करने लगता है, जिससे उसको कमजोरी या सिरदर्द की समस्या हो सकती है। उपवास की वजह से चिड़चिड़ाहट या मूड स्विंग हो सकता है या खाने की इच्छा और ज्यादा बढ़ सकती है। साथ ही चक्कर आने की परेशानी हो सकती है।

### इंटरमिटेंट फास्टिंग किन खाद्य पदार्थों का सेवन है बेहतर

इंटरमिटेंट फास्टिंग के दौरान हाई फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन किया जा सकता है। ब्रेकफास्ट और स्नैक्स में फलों और उनके जूस के साथ व्यक्ति अपनी पसंद के पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन कर सकता है। इंटरमिटेंट फास्टिंग में 500 केसीएल से अधिक कैलोरी वाली चीजों को नहीं खाना चाहिए। साथ ही इंटरमिटेंट फास्टिंग के दौरान पानी और अन्य तरल पदार्थों का सेवन करें, जिससे शरीर हमेशा हाइड्रेट रहें।

### क्या कोई भी इंटरमिटेंट फास्टिंग का विकल्प चुन सकता है

कई लोग मानते हैं कि कोई भी इंटरमिटेंट फास्टिंग का विकल्प चुन सकता है, लेकिन ऐसा नहीं है।गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए इंटरमिटेंट फास्टिंग को चुनना सही नहीं है क्योंकि शिशु के पर्याप्त विकास के लिए उन्हें नियमित रूप से उचित मात्रा में कैलोरी की आवश्यकता होती है, जो कि इंटरमिटेंट फास्टिंग से नहीं मिल सकती है। इसके अतिरिक्त बच्चों के लिए भी इंटरमिटेंट फास्टिंग सही नहीं है।

# क्या आप जानते हैं जब आप हंसते हैं तो शरीर में क्या-क्या होता है

## इस वजह से हेल्दी होता है हार्ट

लाफ्टर को बेस्ट मेडिसिन माना जाता है। असल जिंदगी में आप जितना खिलखिलाएंगे, उतना ही आपका दिल दुरुस्त और हेल्दी रहेगा। ऐसा एक स्टडी में सामने आया है। जिसमें कहा गया है कि खुलकर हंसना किसी दवा से कम नहीं है। इससे बड़ी-बड़ी स्वास्थ्य समस्याएं चुटकियों में दूर हो जाती है। हाल ही में आई इस स्टडी की रिपोर्ट में बताया गया कि हंसने से दिल की बीमारियों का खतरा काफी हद तक कम रहता है और हार्ट हेल्दी बना रहता है। खुलकर हंसना कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम बेहतर बनाने में मदद करता है, जिससे हार्ट का फंक्शन अच्छा होता है।

### क्या कहता है रिसर्च

64 साल की उम्र के 26 लोगों पर शोधकर्ताओं ने अध्ययन किया। इन पार्टिसिपेंट्स को को दो ग्रुप में बांटा गया। सभी पार्टिसिपेंट्स कोरोनरी आर्टरी डिजीज के मरीज थे। उन पर 12 हफ्तों तक रिसर्च चला। एक ग्रुप ने 12 हफ्ते यानी तीन महीने तक कॉमेडी शो देखा और दूसरे ग्रुप ने इतने ही समय तक एक सीरियस डॉक्यूमेंट्री देखी। इसके बाद पाया गया कि कॉमेडी शो देखने वाले मरीजों के हंसने से उनके हार्ट का फंक्शन काफी अच्छा हुआ है। डॉक्यूमेंटरी देखने वालों की तुलना में उनका कार्डियोवैस्कुलर फंक्शन 10 प्रतिशत तक बढ़ गया था। शरीर में ऑक्सीजन की सप्लाई भी कॉमेडी शो देखने वाले ग्रुप में ज्यादा मिली।


### क्या कहते हैं रिसर्चर

इस रिसर्च टीम का हिस्सा रहे ब्राजील के डी क्लीनिकास डी पोर्टो एलेग्री हॉस्पटल के प्रो। सैफी ने बताया कि अस्पतालों में कोरोनरी आर्टरी डिजीज के मरीज अक्सर आते रहते हैं। उनमें सूजन और बायोमार्कर पाए जाते हैं। उनकी आर्टरीज में प्लाक जम जाता है, जो बाद में हार्ट अटैक या स्ट्रोक का कारण बन सकता है। ऐसे में अगर अस्पतालों में मरीजों को कॉमेडी शो दिखाने के साथ लाफ्टर थेरेपी या खुश रहने के दूसरे तरीके समझाए जाए या इस्तेमाल में लाए जाए तो काफी हद तक सुधार देखने को मिलेगा। क्योंकि खुश रहना या फिर खुलकर हंसने से हार्ट की सेहत काफी अच्छी होती है। इसलिए हर किसी को मरीज के साथ बैठकर उससे खुलकर हंसने वाली या इस तरह की बातें करनी चाहिए।



# हैवी सीक्वेंस शॉर्ट ड्रेस में नोरा फतेही ने हॉट अदाओं का लगाया तड़का

नोरा फतेही अपने किसी भी प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में आएं या न आएं, लेकिन अपने लुक्स की वजह से वह अक्सर खबरों में आ ही जाती हैं। नोरा ने अपनी हर अदा का जादू दुनियाभर के लोगों पर खूब चलाया है। आज फैंस उनकी एक झलक देखने के लिए बेताब रहते हैं। एक्ट्रेस भी चाहने वालों के साथ जुड़ने का कोई मौका हाथ से नहीं जाने देतीं। ऐसे में एक्ट्रेस इंस्टाग्राम पर लगभग हर दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ की झलक शेयर करती रहती हैं।



कुछ देर पहले ही नोरा ने फिर अपने नए लुक से सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। लेटेस्ट फोटोज में एक्ट्रेस ने वेस्टर्न टच के साथ देसी तड़का लगाया है।

तस्वीरों में नोरा छोटी सी हैवी स्टोन वर्क वाली फुल स्लीव्स ड्रेस पहने हुए नजर आ रही हैं। नोरा ने हुस्न के जलवे बिखेरते हुए अपने कई पोज कैमरे के सामने दिए हैं।

नोरा ने अपने इस लुक को सटल बेस, न्यूड लिप्स और पिंक न्यूड आई मेकअप से कंप्लीट किया है। इसके साथ एक्ट्रेस ने बालों की लंबी चोटी बनाकर बांधा हुआ है। वहीं, एक्सेसरीज के तौर पर नोरा ने कानों में हैवी डायमंड ईयररिंग्स और दोनों हाथों में डायमंड रिंग्स कैरी की हैं। एक्ट्रेस की अदाओं पर अब चाहने वालों की नजरें टिकी रह गई हैं। नोरा के फैंस ने उन पर प्यार लुटाते हुए कई कमेंट्स किए हैं। दूसरी ओर सिर्फ 3 घंटों में एक्ट्रेस की फोटोज पर करीब डेढ़ लाख लाइक्स आ चुके हैं, जो हर मिनट तेजी से बढ़ रहे हैं।

गौरतलब है कि नोरा फतेही इन दिनों ओटीटी डांस रियलिटी शो हिप हॉप इंडिया में जज की कुर्सी संभालते हुए नजर आ रही हैं। इसके अलावा एक्ट्रेस के पास कई फिल्में भी पाइपलाइन में हैं। जल्द ही नोरा 100 पर्सेंट से बन रही फिल्म में नजर आने वाली हैं। इसके बाद उन्हें मडगांव एक्सप्रेस, डांसिंग डैड और मटका टाइलट से बन रही फिल्मों में भी देखा जाने वाला है।

# करीना ने ठुकरा दी टिस्का चोपड़ा की फिल्म, राधिका आप्टे ने ली जगह

पिछले काफी समय से अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा चर्चा में हैं। दरअसल, अब वह फीचर फिल्मों के निर्देशन में उतर रही हैं। टिस्का अपने निर्देशन में बनी पहली फिल्म में करीना कपूर को लेने वाली थीं। उन्होंने अभिनेत्री को इसका प्रस्ताव दिया था, लेकिन करीना ने इसे ठेंगा दिखा दिया।खबर है कि उनकी ना के बाद टिस्का ने राधिक आप्टे से संपर्क किया और उन्होंने मौके का फायदा उठाते हुए फिल्म का हिस्सा बनने के लिए अपनी रजामंदी दे दी।

रिपोर्ट के मुताबिक, टिस्का के निर्देशन में बन रही पहली फीचर फिल्म का नाम फिलहाल द ट्रेन फ्रॉम छपरोला रखा गया है। यह एक शानदार मर्डर मिस्ट्री है और इसमें राधिका एक मजबूत, आत्मविश्वासी आधुनिक महिला की भूमिका में नजर आएंगी। टिस्का ने खुद इसकी कहानी भी लिखी है और वह सितंबर में उत्तराखंड में इस फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगी। फिल्म के लिए लीड हीरो की तलाश अभी जारी है।

इस फिल्म का प्रस्ताव पहले करीना को दिया गया था, लेकिन उन्होंने यह कहकर इसका हिस्सा बनने से इनकार कर दिया कि वह पहले से ही एक मर्डर मिस्ट्री का हिस्सा हैं, जिसका निर्देशन हंसल मेहता कर रहे हैं। उनकी यह फिल्म इस साल के अंत में रिलीज होने वाली है। ऐसे में करीना फिलहाल ऐसी फिल्म से परहेज कर रही हैं, जिसकी कहानी मर्डर मिस्ट्री के इर्द-गिर्द घूमती हो। यही वजह है कि उन्होंने टिस्का की फिल्म ठुकरा दी।

बॉलीवुड के जाने-माने फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा इस फिल्म से फिल्म निर्माण की दुनिया में कदम रख रहे हैं। वह अपने प्रोडक्शन हाउस स्टेज 5 के बैनर तले इस फिल्म को बना रहे हैं।मनीष ने जियो स्टूडियोज के साथ 3 फिल्मों के लिए हाथ मिलाए हैं। उनकी दूसरी फिल्म बन टिक्की है, जिसके जरिए गुजरे जमाने की मशहूर अदाकारा जीनत अमान पर्दे पर वापसी कर रही हैं।तीसरी फिल्म उनकी विजय वर्मा के साथ चलत मुसाफिर आ रही है।

टिस्का कई फिल्मों में अभिनय कर चुकी हैं। आमिर खान की फिल्म तारे जमीं पर से वह लोकप्रियता के शिखर पर पहुंच गई थीं। टिस्का ने प्रकाश झा, मधुर भंडारकर जैसे कई जाने-माने निर्देशकों के साथ अलग-अलग भाषाओं की 45 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय किया है। शॉर्ट फिल्म चटनी में भी उनकी खूब तारीफ हुई थी। वह एक बेहतरीन लेखक और निर्माता भी हैं। 2020 में शॉर्ट फिल्म रूबरू से टिस्का ने पहली बार निर्देशक की टोपी पहनी थी।



## शाहरुख खान की जवान का ट्रेलर रिलीज, दमदार एक्शन करते नजर आए बादशाह

जवान इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है। खासतौर से शाहरुख खान के प्रशंसक इस फिल्म का बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में दक्षिण भारतीय सिनेमा के कई शानदार कलाकार अपनी मौजूदगी दर्ज कराने वाले हैं। इस वजह से न सिर्फ बॉलीवुड, बल्कि साउथ के दर्शक भी इसकी राह देख रहे हैं। पिछले काफी समय से फिल्म के ट्रेलर का इंतजार किया जा रहा था, जो अब आखिरकार खत्म हो गया है।

फिल्म के ट्रेलर में शाहरुख के अलग-अलग अवतार नजर आ रहे हैं। फिल्म में उनके 5 अलग-अलग लुक देखने को मिलेंगे। ट्रेलर देख लगता है कि फिल्म में शाहरुख अपने खूंखार किरदारों और अवतारों से सबके रोंगटे खड़े करने वाले हैं। इसके अलावा जहां उनके दमदार डायलॉग ध्यान खींच रहे हैं, वहीं उनका जबरदस्त एक्शन और कुछ दिल दहला देने वाले सीन भी इसकी रिलीज को लेकर उत्सुकता बढ़ाते दिख रहे हैं। विजय सेतुपति और नयनतारा भी प्रभावित करते हैं।

फिल्म का ट्रेलर देख तो यही लग रहा है कि जवान भी पठान की तरह पैसा वसूल होगी। शाहरुख की दमदार आवाज भी इसमें ध्यान खींचती है। इसके अलावा एक्शन, ड्रामा, थ्रिल ट्रेलर में सब देखने को मिल रहा है।

इस फिल्म को यू/ए सर्टिफिकेट दिया गया था। निर्माताओं को फिल्म में 7 बदलाव करने के लिए कहा गया। अब तक रिलीज हुए जवान की सभी झलकियों और गानों पर लोगों ने खूब प्यार लुटाया है। इसे शाहरुख के करियर की सबसे महंगी फिल्म बताया जा रहा है। इस फिल्म को लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत में बनाया जा रहा है। दावा किया गया है कि जवान शाहरुख की अब तक की सबसे महंगी फिल्म है।

जवान इस साल की सबसे बड़ी एक्शन एंटरटेनर फिल्मों में से एक होगी। ऐसे में फिल्म के निर्माताओं ने दर्शकों को कुछ नया और जबरदस्त दिखाने के लिए 6 बेहतरीन एक्शन निर्देशकों को इसका हिस्सा बनाया, जिनकी छत्रछाया में दुनियाभर की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों के एक्शन सीक्वेंस फिल्माए जा चुके हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### पॉवर हाउस रेल्वे स्टेशन बनाया जायेगा मॉडल



**दुर्ग ।** कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार एसडीएम मुकेश राउटे ने पावर हाउस रेल्वे स्टेशन, सुपेला अण्डर ब्रिज तथा दुर्ग रेल्वे स्टेशन का दौरा किया। पावर हाउस रेल्वे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने मार्ग में आ रहे दुकानों का अतिक्रमण को हटाए जाने के निर्देश दिए। दुकानों को अन्य किसी दुसरे सुरक्षित स्थान पर स्थापित किया जाएगा। सुपेला निर्माणाधीन अण्डर ब्रिज का निरीक्षण के दौरान उन्होंने रेल्वे के कार्य में अवरोध में आ रहे के लॉज की दुकान जिसका शासन मुआवजा देने के लिए तैयार भी था फिर भी उनके न मानने के कारण उनके ऊपर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उनके द्वारा सेतु बनाने में अवरोध उत्पन्न किया जा रहा था। एसडीएम ने 2 महिने में अण्डरब्रिज का कार्य राजसात करने के निर्देश दिए। दुर्ग रेल्वे स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर बनाने के लिए पॉर्किंग व्यवस्था ठीक किया जाएगा तथा दिव्यांगजनों को विशेष सुविधा दी जाएगी। इसके अलावा सड़क चौड़ीकरण भी किया जावेगा। मॉडल स्टेशन बनाने के लिए पार्किंग को ठीक किया जाएगा, गेट बड़ा किया जाएगा, सर्व सुविधा युक्त बनाया जाएगा।

### सिविल जज परीक्षा 3 सितंबर को, रायपुर जिले में बने 6 एग्जाम सेंटर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में व्यवहार न्यायाधीश परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए खुशखबरी है। अभ्यर्थी 3 सितंबर को सुबह 11 बजे से एग्जाम दे सकेंगे। इस परीक्षा में लगभग साढ़े तेरह हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने रायपुर जिले में ही 6 एग्जाम सेंटर बनाए हैं। इसके लिए कलेक्टोरेट में कंट्रोल रूम बनाया गया है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की ओर से सिविल जज की प्रवेश स्तर परीक्षा 3 सितंबर को ली जाएगी। यह परीक्षा एक चरण में ही पूरा होगी। इसके लिए समय निर्धारित किया गया है। सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक ये एग्जाम होगा। रायपुर जिले में इस परीक्षा के लिए 32 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस परीक्षा में साढ़े तेरह हजार से अधिक अभ्यर्थियों की शामिल हो सकते हैं। जिला प्रशासन की ओर से परीक्षा के आयोजन के लिए जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कलेक्टोरेट परिसर स्थित कक्ष क्रमांक 6 में परीक्षा संबंधी नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 0771-2413233 है। इस परीक्षा के लिए डिप्टी कलेक्टर आशुतोष देवांगन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही कौशल विकास विभाग के सहायक संचालक केदार पटेल सहायक नोडल बनाया गया है।

### जीएसटी राजस्व में 11 प्रतिशत का इजाफा, अगस्त में 1.6 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** देश के जीएसटी राजस्व में सालाना आधार पर मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। अगस्त में भारत का जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को वार्षिक वस्तु व सेवा कर संग्रह की जानकारी दी। सरकार ने पिछले साल अगस्त महीने में वस्तु और सेवा कर के रूप में 1.44 लाख करोड़ रुपये (17.41 अरब डॉलर) जुटाए थे।मल्होत्रा ने कहा कि जून तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत थी और सांकेतिक रूप से इसमें 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जून तिमाही के दौरान जीएसटी राजस्व में 11 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई। यह कर-जीडीपी अनुपात 1.33 से अधिक है।

### विधायक ने किया सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन

**भाटापारा।** भाजपा उपाध्यक्ष व विधायक शिवरतन शर्मा ने भाटापारा नगर के महासती वार्ड में बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में विकास कार्य रुक गए हैं। पिछले 15 सालों में छत्तीसगढ़ विकास की गति पर चल रहा था। जो इन पौने 5 सालों में रुक से गए। भाजपा सरकार द्वारा चालू किए गए काम ही अभी तक चल रहे हैं। शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रदेश की गरीब जनता को मिलने वाले पीएम आवास योजना, अमृत मिशन के तहत घर-घर नल से पानी कांग्रेस सरकार की नाकामी के कारण छत्तीसगढ़ में दम तोड़ रही है। उन्होंने कहा कि भाटापारा नगर में जनता के हितों के लिए एक भी कार्य नहीं किए गए हैं। जनता को मूलभूत सुविधाएं ही नहीं मिल रहा। चारो ओर गंदगी का आलम है।

# पूरी मानवता के कल्याण के लिए ब्रह्मकुमारी संस्थान का कार्य सराहनीय - राष्ट्रपति

श्रीकंचपनथ न्यूज

रायपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के वार्षिक परियोजना-सकारात्मक परिवर्तन वर्ष का शुभारम्भ राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल बिश्वभूषण हरिचन्दन, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कार्यकारी सचिव ब्रह्माकुमार मृत्युजंय भाई, क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी, ज्यूरिष्ट प्रभाग के राष्ट्रीय समन्वयक बीके नथमल, शिक्षाविद प्रभाग की एडीशनल डायरेक्टर बीके लीना, बीके आशा और बीके सविता दीदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलिक करके किया।




इस अवसर पर मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिकारी और राजधानी के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने सभी को जय जोहार! के साथ अपने सम्बोधन की शुरूआत करते हुए कहा कि पूरी मानवता की कल्याण के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा अनेक कार्यक्रम किए जा रहे हैं। मनुष्य की सोच और व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए ऐसे कार्यक्रम शुरू कर यह संस्थान बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। मैं इसके लिए संस्था को बधाई देती हूँ। उन्होंने आगे कहा कि एक ओर हमारा देश नित-नई ऊंचाइयों को छू रहा है, चांद पर तिरंगा लहरा रहा है। विश्वस्तर पर खेल में कीर्तिमान रच रहा है। दूसरी ओर एक अत्यंत गम्भीर विषय है कुछ दिन पहले नीट की तैयारी कर रहे दो विद्यार्थियों ने अपने जीवन, अपने सपनों और अपने भविष्य का अंत कर दिया। ऐसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए बल्कि हमें प्रतिस्पर्धा को सकारात्मक रूप से लेना चाहिए हार-जीत तो होती रहती है। उन्होंने छात्रों को धैर्य और कड़ी मेहनत के साथ अपनी रुचि के क्षेत्र में प्रयास करने और कभी निराश न होने का सन्देश दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों पर काम्पिटिशन का बहुत ज्यादा प्रेशर है जितना जरूरी उनका करियर है। उतना ही जरूरी है कि वे जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकें। मुझे लगता है कि इस पाजिटिव थीम की सहायता से हम उन बच्चों की मदद कर सकते हैं जो तनाव में आधी-अधूरी जिंदगी जी कर चले जाते हैं। हर बच्चे में अपनी विशिष्ट प्रतिभा है। अपनी रुचि को जानकर इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह युग विज्ञान का युग है। अभी के बच्चे बहुत शार्प माइंड के होते हैं किन्तु उनमें थोड़ा धैर्य कम होता है। इस दिशा में अध्यात्म उनकी मदद कर सकता है। हमारे ब्रह्माकुमारी परिवार के सदस्य कई बरसों से इस दिशा में काम कर रहे हैं। मेरी आध्यात्मिक यात्रा में भी ब्रह्माकुमारी संस्था ने मेरा बहुत साथ दिया है। जब मेरे जीवन में कठिनाई थी तब मैं उनके पास जाती थी। ब्रह्माकुमारी का रास्ता मुझे बहुत अच्छा लगा। आप सहजता से काम करते हुए आप अपनी जिंदगी को बेहतर तरीके से जी सकते हैं। जिंदगी जीने की कला वहाँ पर सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि आजकल बच्चे आर्टिफिशियल इंजीनियरिंग की बात कर रहे हैं लेकिन यह भी जरूरी है कि दिन का कुछ समय मोबाइल से दूर रहकर भी बिताएं। साइंस और टेक्नालाजी के साथ आध्यात्मिकता को भी जोड़े तो जीवन आसान हो जाएगा। जिंदगी को कैसे सफलता से जीये, किस तरह सुख से जीवन जिये, इसका रास्ता बहुत सरल है। हम केवल एक शरीर नहीं हैं। हम एक आत्मा हैं। परम पिता परमात्मा का अभिन्न अंग है। मैं सभी से कहना चाहती हूं कि अपनी रुचि के साथ सकारात्मक कार्य करते रहिये। ऐसे लोगों के साथ रहिये जो आपको सही रास्ता दिखा सके। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया भर में शांति के लिए कार्य कर रही है। यह संगठन दुनिया को बेहतर बनाने में अपना अमूल्य योगदान दे रहा है। छत्तीसगढ़ में ब्रह्माकुमारी संगठन ने जो काम आरंभ किया है मैं उसके लिए संस्थान को बधाई देती हूँ। स्वर्णिम युग का स्वप्न जो हम देख रहे हैं रामराज्य के लिए हमें राम बनना होगा, सीता बनना होगा। राज्यपाल बिश्वभूषण हरिचन्दन ने सभा को सम्बोधन करते हुए कहा कि सकारात्मक सोच अपनाकर हम दुनिया की किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं। उन्होंने शुभकामना व्यक्त करते हुए कहा कि सकारात्मक परिवर्तन का यह वर्ष आप सभी के जीवन में सुखद बदलावों का साक्षी बने और समाज खुशहाल रहे।

## छत्तीसगढ़ में डेंगू का प्रकोप, सामान्य के साथ मरीजों का इलाज होने पर संक्रमण का खतरा बढ़ा




श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी समेत प्रदेशभर में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। शासकीय समेत निजी अस्पतालों में संक्रमितों का इलाज चल रहा है। डेंगू मरीजों को मच्छरदानी में रखकर इलाज करना है, ताकि दूसरे लोग संक्रमित न हो। इस नियम का पालन करना तो दूर निजी अस्पतालों में सामान्य बीमारियों के मरीजों के साथ रखा जा रहा है। इससे सामान्य मरीजों के संक्रमित होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। शंकर नगर स्थित एक निजी अस्पताल में ऐसी ही डेंगू मरीजों का इलाज किया जा रहा है। वार्ड में भर्ती मरीजों के आसपास हार्ट, वायरल बुखार समेत अन्य बीमारियों के मरीज भी भर्ती हैं। बता दें कि डेंगू अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए ज्यादा खतरानाक हो सकता है। इसके बावजूद न तो अलग वार्ड बनाया गया है और न ही पीड़ितों को मच्छरदानी में रखा गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि एडिस मच्छर दिन में ही काटता है।

इस मच्छर की खासियत है कि स्वस्थ्य व्यक्ति को काटे तो किसी तरह का प्रभाव नहीं पड़ता, लेकिन यही मच्छर जब संक्रमित को काटता है तो वह कैरियर बन जाता है। उसके बाद जब मच्छर किसी स्वस्थ्य व्यक्ति को काटता तो वह संक्रमित हो जाता है।

स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान और डा. खूबचंद बघेल योजना के तहत डेंगू के इलाज का आठ दिनों का पैकेज करीब 35 हजार तय किया गया है। आइसीयू में मरीज को तीन दिन भर्ती रखा जा सकता है। इसके लिए साढ़े आठ हजार प्रतिदिन के हिसाब से पैकेज तय है। उसके बाद डाक्टर मरीज की स्थिति के हिसाब से पांच दिन जनरल वार्ड में रख सकते हैं। इसके लिए प्रतिदिन का 2200 पैकेज तय किया गया है।

प्रदेशभर से अभी तक डेंगू के 299 मरीज मिल चुके हैं। आयुष्मान योजना से भुगतान के लिए 290 क्लेम किया गया है। इसमें कबीरनगर फेस-2 के एक सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के 12 क्लेम शामिल हैं।

## सेल का फोकस भारत की रक्षा स्वदेशीकरण को मजबूत करना

श्रीकंचपनथ न्यूज

**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), भारत के सबसे बड़े इस्पात उत्पादकों में से एक, ने एक बार फिर भारत की रक्षा क्षमताओं में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए भारतीय नौसेना की स्वदेशी पी17ए परियोजना के तहत सातवें फ्रिगेट जहाज के निर्माण के लिए लगभग 4000 टन की विशेष स्टील प्लेटों की पूरी मात्रा की आपूर्ति की है। इस सातवें फ्रिगेट जहाज का लॉन्च, मैसर्स मझगांव डॉक लिमिटेड द्वारा निर्मित चैथा युद्धपोत, 01 सितंबर, 2023 को भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा किया जाना है। यह लॉन्च देश की समुद्री सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

सेल पी17ए युद्धपोतों के विकास में एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में उभरा है, जो भारत के रक्षा स्वदेशीकरण को आगे बढ़ाने में कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस युद्धपोत में स्टील की आपूर्ति करने के अलावा भी सेल की भूमिका रही है; कंपनी ने हाल ही में भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, द्वारा लॉन्च किए गए 'विंध्यगिरि' नामक छठे युद्धपोत के निर्माण के लिए भी समान मात्रा में विशेष स्टील की आपूर्ति की थी।

पी17ए परियोजना के तहत मेसर्स मझगांव डॉक लिमिटेड द्वारा कुल चार जहाजों और मेसर्स जीआरएसई द्वारा तीन जहाजों का निर्माण शामिल है। मझगांव डॉक लिमिटेड द्वारा तीन जहाजों का लांच सितंबर 2019 और सितंबर 2022 के बीच हुआ, जबकि मेसर्स जीआरएसई ने दिसंबर 2020 और अगस्त 2023 के बीच तीन जहाजों को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। इन जहाजों के लिए स्टील आपूर्ति के मामले में सेल का योगदान लगभग 28,000 टन है, जो विशेष उपयोग के लिए उच्च-स्तरीय स्टील उत्पादों की आपूर्ति करने की कंपनी की क्षमताओं को रेखांकित करता है।

भारत के रक्षा क्षेत्र को समर्थन देने के अपने समृद्ध इतिहास में, सेल ने न केवल पी17ए परियोजना के लिए स्टील की आपूर्ति की है, बल्कि विमान वाहक आईएनएस विक्रांत, आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस सूरत जैसे युद्धपोतों और आर्टिलरी गन धनुष सहित विभिन्न रक्षा परियोजनाओं के लिए स्टील प्रदान करने में भी अभिन्न भूमिका निभाई है।

## जवाहरलाल नेहरू अनुसंधान केन्द्र में स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली की स्थापना हेतु सी-डैक, नोएडा के साथ समझौता

श्रीकंचपनथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय पं. जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवम् अनुसंधान केन्द्र, भिलाई के मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवम् स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ रवींद्रनाथ एम तथा प्रगत संगणन विकास केन्द्र (सी-डैक), नोएडा के कार्यकारी निदेशक विवेक खनेजा ने चिकित्सा एवम् स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करने, स्वास्थ्य देखभाल लागत को कम करने, प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और किफायती स्वास्थ्य देखभाल का विस्तार करने के लिए स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली की स्थापना के लिए स्वीकृति का ज्ञापन (मेमोरण्डम ऑफ असेप्टेन्स) हस्ताक्षरित किया।




स्वीकृति का ज्ञापन एवम् हस्ताक्षरण कार्यक्रम का आयोजन भिलाई इस्पात संयंत्र के इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में 31 अगस्त, 2023 को संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं), एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा), डॉ ए के पंडा, कार्यपालक निदेषक (कार्मिक एवं प्रषासन), पवन कुमार सहित मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवम् स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ रवींद्रनाथ एम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवम् स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ प्रमोद बिनायके, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ के ठाकुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ विनीता द्विवेदी, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (आयरन) तापस दासगुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ विनीता द्विवेदी ने किया।


निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता इस स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली की स्थापना के प्रेरणा स्त्रोत एवं मार्गदर्शक हैं जिनके प्रयास के कारण आज यह संभव हो पाया है।

इस प्रबंधन सूचना प्रणाली की स्थापना से चिकित्सा गुणवत्ता में सुधार आएगी, चिकित्सा संबंधी सभी रिकॉर्ड्स जैसे कि डॉक्टर का परामर्श, अस्पताल की सारी जांच रिपोर्ट- खून की जांच, मल-मूत्र जांच, सूक्ष्म जीवविज्ञान, नाभिकीय चिकित्सा जांच, एक्स-रे, अल्ट्रासाउन्ड, सीटी-स्कैन, एमआरआई रिपोर्ट ऑनलाइन सिस्टम में रहेगा।

इस प्रबंधन सूचना प्रणाली के लागू होने के पश्चात ओपीडी चिकित्सा पुस्तिका की आवश्यकता नहीं होगी तथा चिकित्सक अपने सारे परामर्शों, निर्देशों, दवाइयाँ एवम् रोगी के चिकित्सकीय जांच आदेश को ऑनलाइन सिस्टम में एंट्री करेंगे। फॉर्मेसी में दवाईयों का वितरण भी ऑनलाइन चिकित्सा परामर्श के अनुसार प्रदान की जाएगी। यह परियोजना 4 वर्ष में पूर्ण होगी।

# चांद पर अद्भुत घटना का साक्षी बना रोवर प्रज्ञान, इसरो ने ट्वीट कर दी जानकारी

**बंगलुरू।** चांद की सतह पर पहुंचे चंद्रयान-3 के प्रज्ञान रोवर ने अद्भुत घटना को रिकार्ड किया है। चांद के दक्षिणी ध्रुव में चहलकदमी कर रहे प्रज्ञान रोवर ने ऐसी घटना को रिकार्ड किया है जो हमारे वैज्ञानिकों के लिए अनुसंधान का विषय बन गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को बताया कि चांद की सतह पर घूम रहे रोवर प्रज्ञान ने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर एक खास भूकंपीय कंपन को रिकॉर्ड किया है। इसरो का कहना है कि यह प्राकृतिक घटना हो सकती है।




चंद्रयान -3 के लैंडर पर लगे आईएलएसए (इंस्ट्रूमेंट ऑफ लूनर सीस्मिक एक्टिविटी) पेलोड माइक्रो इलेक्ट्रो मैकेनिकल सिस्टम्स टेक्नोलॉजी से लैस है। रोवर प्रज्ञान ने 26 अगस्त 2023 को एक घटना रिकार्ड की जो प्राकृतिक लग रही है। हालांकि इसकी जांच की जा रही है। इसरो ने बताया कि आईएलएसए पेलोड ने रोवर प्रज्ञान और अन्य पेलोड्स की चांद पर मूवमेंट के कारण एक कंपन को रिकॉर्ड किया है।

इसरो ने बताया कि आईएलएसए में छह हाई-सेंसिटिविटी एक्सेलोमीटर्स लगे हैं। इन एक्सेलोमीटर्स ने चंद्रमा की सतह पर उठने वाली कंपन को मापा है। आईएलएसए पेलोड को बंगलुरू के लैबोरेटरी फॉर इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स सिस्टम द्वारा डिजाइन किया गया है। इसमें निजी कंपनियों ने भी मदद की है। वहीं आईएलएसए को चांद पर डिप्लोय करने के मैकेनिज्म को बंगलुरू के यूआर राव सैटेलाइट सेंटर में तैयार किया गया है।

## कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए निर्वाचन उड़नदस्ता दल का गठन

**मोहला।** विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए निर्वाचन उडन्दस्ता दल का गठन किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एस जयवर्धन ने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार व्यय, रिश्वत के रूप में नगद या वस्तु वितरण, अवैध शस्त्रों, गोला बारूद, शराब वितरण या परिवहन एवं असामाजिक तत्वों आदि का पता लगाने के लिए यह दल गठित किया है। गठित दल तीन पाली में प्रात: 6 बजे से दोपहर 2 बजे, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे एवं रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक कार्य संपादित करेगा। कार्यपालिक दंडाधिकारी को दल प्रमुख बनाया गया है। गठित दल में दायित्वों के निर्वहन हेतु अधिकारी कर्मचारियों को अधिकृत किया गया है।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### कार ने साइकिल से जा रही 3 लड़कियों को मारी ठोकर, एक की मौत, दो गंभीर

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगे ग्राम चंपारण में कल देर शाम एक तेज रफ्तार कार ने 3 अलग-अलग साइकिलों से जा रही 3 लड़कियों को पीछे से ठोकर मार दी। हादसे के बाद कार घटना स्थल पर ही सड़क किनारे खेत में जा पलटी। इस हादसे में एक लड़की की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक अन्य लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई है, जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा हैं।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इस हादसे में ग्राम डंगनिया निवासी गिरिजा साहू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए ग्राम कुर्रा के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा कि तीनों लड़कियां चंपारण स्थित एक निजी शॉपिंग मॉल में काम करती थी और काम करके वापस अपने-अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान यह हादसा हो गया। चंपारण पुलिस मामले में आगे कार्रवाई कर रही है।

### शराब के नशे में तालाब में डूबा युवकः भाई के कहने पर नहीं गया घर, अगली सुबह तैरती मिली लाश

**भिलाई।** भिलाई तीन थाना क्षेत्र में एक 48 वर्षीय युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। युवक ने अधिक मात्रा में शराब पी हुई थी और नशे की हालत में तालाब में जा गिरा। पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। गुरुवार सुबह परिजनों ने उसके शव को तालाब में तैरते हुए पाया तो पुलिस को सूचना दी। पुरानी भिलाई पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

पुरानी भिलाई पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक उन्हें गुरुवार सुबह सूचना मिली थी कि उमदा शराब दुकान के पास स्थित तालाब में किसी का शव तैर रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकलवाया। तब तक वहां मृतक के परिजन भी पहुंच गए थे। उन्होंने उसकी पहचान विक्रम साहू निवासी जरवाए के रूप में की। शराब भट्ठी के पास पान ठेला चलाने वाले युवक ने बताया कि बुधवार शाम को विक्रम साहू शराब भट्ठी आया था। उन्होंने वहीं बैठकर जमकर शराब पी और वहीं सो गया। वह इतने नशे में था कि चल नहीं पा रहा था। पानी भी काफी तेज बरस रहा था। बरते पानी से बचने के लिए वो तालाब की तरफ गया। इसके बाद उसे किसी ने नहीं देखा। विक्रम साहू की शादी नहीं हुई। वो अपने भाई और पिता के पास ही रहता खाता है। वो जितना कमाता है उसे शराब के नशे में उड़ा देता है।

# राजधानी में हैवानियतः राखी बांधकर लौट रही दो युवतियों से सामूहिक दुष्कर्म, पुलिस की गिरफ्त में 8 आरोपी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में सामूहिक दुष्कर्म का शर्मनाक मामला सामने आया है। महासमुंद में अपने भाइयों को राखी बांधकर लौट रही दो युवतियों से कुछ बदमाशों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। युवती अपने परिचित युवक के साथ रायपुर लौट रही थी इस दौरान देर रात रास्ता रोककर बदमाशों ने पहले युवक की पिटाई की और इसके बाद इस शर्मनाक घटना को अंजाम दिया। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद पुलिस एक्टिव हुई और अब तक 8 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। मामला मंदिर हसौद थाना क्षेत्र का है।



मिली जानकारी के अनुसार यह दोनों युवतियां रक्षाबंधन का त्योहार मनाकर एक युवक के साथ अपने घर लौट रही थी। गुरुवार रात लगभग 10 बजे में गोढ़ी रोड के पास रिम्स अस्पताल के पास पहुंची। यहां पर कुछ युवक पहले से मौजूद थे और इन लोगों ने युवक के साथ घर जा रही दोनों युवतियों को रोक लिया। इसके बाद बदमाशों ने पहले युवक से मारपीट की और उसे भगा दिया। यहां से दोनों युवतियों को वे सुनसान जगह लेकर गए और दोनों युवतियों से सामूहिक दुष्कर्म किया।

घटना को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश युवतियों को वहां छोड़कर भाग गए। दोनों युवतियां किसी तरह अपने घर पहुंची और अपने परिजनों को घटना की पूरी जानकारी दी। इसके बाद देर रात सभी मंदिर हसौद थाने पहुंचे और पूरे घटना क्रम की जानकारी दी। पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज कर अब तक 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल इस घटना में शामिल अन्य बदमाशों की जानकारी जुटाई जा रही है। रक्षाबंधन के त्योहार के मौके पर राजधानी में सामूहिक दुष्कर्म की इतनी बड़ी वारदात से सुरक्षा पर एक बार फिर से सवालिया निशान लग गए हैं।

## बहन-भांजे की मौत के बाद सदमे में भाई हास्पिटल की दूसरी मंजिल से कूदा, मौत

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ में राजधानी रायपुर में आए दिन आत्महत्या के मामले सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के वीकेयर हास्पिटल की दूसरी मंजिल से युवक ने कूदकर जान दे दी। घटना के बाद से अस्पताल में हड़कंप मच गया है। युवक की बहन प्रेग्नेंट थी। रक्षाबंधन के एक दिन पहले उसकी बहन ने बच्चे को जन्म दिया। इस बीच पहले बच्चे की फिर दूसरे दिन मां की मौत हो गई। बहन और भांजे की मौत से युवक सदमें में आ गया। जब अस्पताल से शव को निकाल रहे थे, इस दौरान युवक दूसरे माले से कूद गया। उसके सिर में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई। राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।




पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, कबीरधाम का रहने वाला नरेंद्र कुमार सहरिया (23) की बहन वीकेयर हास्पिटल में भर्ती थी। रक्षाबंधन के एक दिन पहले नरेंद्र की बहन ने बच्चे को जन्म दिया। जिसके पैदा होते ही मौत हो गई। वहीं मां को भी सिकलसेल की बीमारी से हास्पिटल में मौत हो गई। बहन और नवजात भांजे की मौत से भाई नरेंद्र सदमे में चला गया था। जिसके बाद उसने यह कदम उठाया। राजेंद्र नगर थाना प्रभारी अर्चना धुरंधर ने बताया कि अस्पताल से युवक की कूदने की खबर मिली थी। उसने अस्पताल की बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। फिलहाल लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## युवक के हाथ से उड़ाए गोल्ड के ब्रेसलेट और अंगूठी, कार में सोये व्यक्ति को नहीं लगी भनक

**रायपुर (ए)।** राजधानी रायपुर में चोर चोरी के घटना को सरेआम अंजाम दे रहे हैं। एक ऐसा ही मामला सिविल लाइन थाने क्षेत्र में देखने को मिला है, जहां युवक के चार पहिया वाहन में सो जाने पर शातिर चोर ने सोने के ब्रेसलेट और अंगूठी पार कर दिए। युवक जागने के बाद हक्का-बक्का हो गया। इसकी जानकारी पुलिस को दी है। अब तक कार्रवाई जारी है।

कचना रायपुर निवासी सौरव मिश्रा ने बताया कि उसका खुद का पब्लिकेशन और प्रिंटिंग प्रेस का बिजनेस है। बीते दिनों 28 अगस्त को साढ़े चार बजे घड़ी चौक के आस-पास था। उसके दोस्त के मर्सिडीज गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया। पेट्रोल खत्म होने पर कार को सड़क किनारे में खड़ी कर बैठा था। वहीं मदद के इंतजार में किसी को बुला रहा था। इस दौरान कार में बैठे-बैठे ही उसकी आंख लग गई। इसके बाद शातिर चोर ने चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया।

पीड़ित ने बताया कि कार के दरवाजे को खुला रखकर आराम कर रहा था। इस दौरान 50 ग्राम के ब्रेसलेट और उंगली में पहने एक सोने की अंगूठी को चोर ने पार कर दिया। इसकी कीमत लगभग 1 लाख रुपए आंकी गई है। मामले में सिविल लाइन थाना प्रभारी विनय सिंह बघेल ने बताया कि युवक की शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज किया गया है।

## मां-बहन के विवाद में कूदा पड़ोसी, युवक ने चाकू से किया हमला, अस्पताल में मौत

**जीपीएम।** गौरेला इलाके में अपनी मां बहन के साथ युवक विवाद कर रहा था। उसी दौरान पास ही में रहने वाले युवक उनका विवाद सुलझाने गया। लेकिन आरोपी को ये ना गवार गुजरा और आवेश में आकर आरोपी ने घर से चाकू लेकर पड़ोसी पर हमला बोल दिया। जिसके बाद घायल व्यक्ति को उसका भाई लेकर अस्पताल पहुंचा। जहां पर जांच के बाद डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया है। वहीं पुलिस मामले में आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। मामला गौरेला थाना क्षेत्र के सिंगलटोला सामतपुर इलाके का है। जहां पर रहने वाला आरोपी गणेश बैगा किसी बात को लेकर अपनी मां और बहन के साथ विवाद कर रहा था। तभी पड़ोसी विजय बैगा, जिनका विवाद पहले से ही गणेश बैगा के साथ था। विजय वहां पहुंचा और मामला शांत करा रहा था। विजय ने गणेश को छुड़ाकर अलग किया। इसके कुछ देर बाद आरोपी गणेश बैगा घर गया। घर के अन्दर से चाकू लेकर आया और उसने विजय पर हमला बोलते हुए पेट पर चाकू से वार कर दिया। जिसको छुड़ाने विजय का भाई अजय और सोनू भी आए। जिस पर आरोपी गणेश के द्वारा उन पर भी हमला कर दिया। जिससे किसी तरह आसपास के काफी लोग जब वहां पर पहुंचे तो गणेश वहां से भाग गया। जिसके बाद विजय के भाई और पड़ोसी विजय को गंभीर हालात में लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां पर मौजूद डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# मेडिकल दुकान के कर्मचारी दवाओं से करा रहे थे नशा, पांच आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा (ए)।** पुलिस ने नशा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक ऐसे मामले का खुलासा किया है, जिसमें दवाई का उपयोग नशा के लिए किया जाता था। बेमेतरा एएसपी पंकज पटेल ने बताया कि दो अलग-अलग मामले में पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। इनके पास से करीब पांच लाख रुपये की दवा और 1.50 लाख रुपये भी जब्त किए गए हैं। खास बात यह है कि इन आरोपियों में दो लोग दवा की दुकान में काम करते हैं। सभी के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।



एएसपी पंकज पटेल ने बताया कि पहला मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र का है। यहां सबसे पहले आरोपी नवीन गंधर्व के पास से 3000 टेबलेट जब्त की, बाजार में इसकी कीमत 11 हजार 100 रुपये बताई जा रही है। इस आरोपी ने नवागढ़ के महेन्द्र सोनकर से दवा खरीदने की जानकारी दी। पुलिस ने महेन्द्र सोनकर के पास से 3600 टेबलेट, कीमत 13 हजार 320 रुपये को जब्त किया। इन दोनों से पूछताछ करने पर रतनपुर जिला बिलासपुर के यशवंत सिंह राजपूत के पास से दवा खरीदने की बात मालूम ची। पुलिस ने रतनपुर में छापामार कर आरोपी यशवंत सिंह राजपूत के पास से 36 हजार प्रतिबंधित नशीली दवाई, कीमत एक लाख 33 हजार 200 व नकद एक लाख 42 हजार 500 रुपये जब्त किए।

इसके बाद यशवंत सिंह राजपूत से पूछताछ करने पर बिलासपुर निवासी आरोपी मनोज यादव के पास से दवा खरीदने की बात कही। पुलिस ने बिलासपुर में छापामार कार्रवाई करते हुए मनोज यादव के पास से दो लाख 66 हजार 400 रुपये की दवा जब्त की है। इस प्रकरण में बिलासपुर जिले के रतनपुर निवासी यशवंत सिंह राजपूत व बिलासपुर निवासी मनोज यादव मेडिकल दुकान के कर्मचारी हैं। वहीं दूसरे प्रकरण में नांदघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने आरोपी धनीराम गेंदले पिता स्वं. श्यामलाल गेंदले उम्र 59 साल निवासी ग्राम चक्रवाय के कब्जे से 80 नग नशीली दवा जब्त की है।

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

**( संपत्तिकर विभाग )**

क्रमांक/चार/तीन/सं.क.वि./2023/641/288        भिलाई, दिनांक 29/08/2023

**// स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना //**

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका कि नगर पालिक निगम भिलाई के संपत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है यदि किसी को इस संबंध मे कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद मे प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा:-

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स वंदेमातरम बिल्डर्स पार्टनर श्रीनिवास खेड़िया पता- श्री सदन ए मार्केट, सेक्टर 1 भिलाई, एवं श्रीराम डेवलपर्स पार्टनर ओम प्रकाश शर्मा, निवासी-27/11 नेहरू नगर भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्रीमती ज्योति पाण्डेय पति श्री राजेश पाण्डेय, निवासी-मकान नं. 282, गौतम नगर, पोल नं. 29/54, वार्ड नं. 36, सेक्टर-11, जोन-1, भिलाई, जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड क्र. 16, "श्रीराम हाईट्स", कैलाश नगर कुरूद, भिलाई, फ्लैट नं. E-201, Block-3(C), द्वितीय तल क्षेत्रफल-748 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित है। |
| 2 | सुनील दत्त बाजपेयी, पिता श्री चन्द्रकांत बाजपेयी, निवासी-मकान नं.-01, बाजपेयी भवन, 06 वार्ड 23, कॉलेज मार्ग, दीपक नगर, दुर्ग, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | दीपक कुमार, पिता-श्री राम बचन सिंह, निवासी-प्लाट नं. 03, क्रास स्ट्रीट नं. 08, आनंद नगर, जुनवानी, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | जुनवानी, वार्ड नं. 01, जुनवानी, वार्ड, भिलाई(आनंद नगर गृह निर्माण सरकारी समिति से लगा हुआ अंदर भाग), भिलाई, खसरा नं. 306/56, रकबा-4800 वर्गफीट में से 2400 वर्गफीट क्रय किया, आवासीय भवन निर्मित। |
| 3 | चौहान टाउन-I, फेस-III, चौहान हाउसिंग कंपनी, "चौहान ग्रीन वैली", अपोजिट चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई, पार्टनर-श्री अजय चौहान आ. स्व. श्री विपत(दीपेश्वर) चौहान, निवासी-राजीव नगर, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | तनुश्री घोष, पिता-श्री तपन कुमार घोष, निवासी-फ्लैट नं.-05, ब्लॉक -A/15, द्वितीय तल, चौहान हाउसिंग कम्पनी, चौहान ग्रीन वैली, चौहान टाउन-I, फेस-III, जुनवानी रोड, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड क्र. 01 चौहान हाउसिंग कंपनी, "चौहान ग्रीन वैली, चौहान टाउन-I, फेस-III, चौहान" अपोजिट चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई, फ्लैट नं. 05, द्वितीय तल, ब्लाक-"A15", क्षेत्रफल-595.00 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 4 | चौहान टाउन-I, फेस-III, चौहान हाउसिंग कंपनी, "चौहान ग्रीन वैली", अपोजिट चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई, पार्टनर-श्री अजय चौहान आ. स्व. श्री विपत(दीपेश्वर) चौहान, निवासी-राजीव नगर, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्रीमती तारूलता स्वेन, ध.प. श्री मनमोहन स्वेन, एवं श्री मनमोहन स्वेन, आ. श्री पूर्णा चन्द्र स्वेन, निवासी-फ्लैट नं.-11, ब्लॉक -A-2, तृतीय तल, चौहान हाउसिंग कम्पनी, चौहान टाउन-I, फेस-III, चौहान ग्रीन वैली, जुनवानी रोड, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड क्र. 01 "चौहान ग्रीन वैली, अपोजिट चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई, फ्लैट नं. 11, तृतीय तल, ब्लाक-"A2", क्षेत्रफल-595.00 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 5 | मो. माईन तवाब, आ. स्व. एम.ए.वहाब, सा. मकान नं.-248, नूरी मस्जिद के पास, फरीदनगर, कोहका, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | 1. श्रीमती निशात परवीन, ध.प. स्व. अबू फजल खालिद, 2. ना.बा. आयशा फरहा, आ. स्व. अबू फजल खालिद दादाजी-मोहम्मद मोईन तवाब, 3. ना.बा. आयशा उजमा, आ. स्व. अबू फजल खालिद दादाजी-मोहम्मद मोईन तवाब, दोनो ना.बा. के तरफ से वली पालक मां श्रीमती निशात परवीन ध.प. स्व. अबू फजल खालिद, सा. मकान नं. 248, नूरी मस्जिद के पास, फरीदनगर, कोहका, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | उपहार-पत्र | कोहका, फरीदनगर कोहका वार्ड, वार्ड नं. 07, फरीदनगर अंदर भाग, भिलाई, खसरा नं. 3139/1, रकबा-400 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 6 | श्री मदाला वेंकटेशवरा राव, पिता-श्री एम. सीतारमय्या, निवासी-शांति निकेतन वार्ड नं. 09, कोहका, कुरूद रोड, साकेत नगर, कोहका, भिलाई, दुर्ग, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्री एम सुरेश कुमार, पिता श्री एम. पारथासारथी, निवासी-क्वा. नं.-3/बी, स्ट्रीट नं.-16, सेक्टर-04, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका, वार्ड नं.-09, कोहका पुरानी बस्ती वार्ड, (हनुमान मंदिर से कुरूद रोड नाला अंदर भाग), भिलाई, खसरा नं. 4579/81, प्लाट नं. 03, रकबा-1140 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 7 | चौहान हाउसिंग(चौहान ग्रीन वैली), अपोजिट-चौहान टाउन, खम्हरिया व जुनवानी, भिलाई प्रोपराईटर-श्री अजय चौहान, आ. स्व. श्री विपत उर्फ दीपेश्वर चौहान, निवासी-राजीव नगर, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्रीमती अनिता सिंह, ध.प. श्री आशुतोष कुमार सिंह, निवासी-फ्लैट नं. 14, ब्लॉक नं.-डी8, द्वितीय तल, चौहान हाउसिंग, चौहान ग्रीन वैली, खम्हरिया , जुनवानी, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड नं. 01, "चौहान हाउसिंग" चौहान ग्रीन वैली, अपोजिट -चौहान टाउन, खम्हरिया एवं जुनवानी, भिलाई, फ्लैट नं. 14, द्वितीय तल, ब्लाक-"D8", क्षेत्रफल-663.27 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |

उपायुक्त ( संपत्तिकर )
नगर पालिक निगम
भिलाई

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000


भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### गुरुओं का सम्मान करेगा भिलाई चेम्बर

**भिलाई।** छ.ग. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई द्वारा शहर के स्कूलों में जाकर गुरुओं का सम्मान करेगा। अजय भसीन ने जानकारी देते हुए बताया कि



भिलाई चेम्बर द्वारा सभी स्कूलों में गुरु का सम्मान किया जाएगा।उन्होंने बताया कि देश कि देश का भविष्य है बच्चे और उन बच्चो को शताब्दी वर्ष में आत्मनिर्भर बनाने में गुरु का स्थान सर्वोत्तम होगा । भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा ने कहा कि भिलाई चेम्बर चाहता है कि आने वाले समय मे बच्चे आत्मनिर्भर बने वे नॉकरी देने वाले बने उसके लिए आत्म विकास गुरु के माध्यम से ही संभव है। सभी शाला में गुरुओं का सम्मानकर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक शंकर सचदेव के साथ सुनील मिश्रा,शिवराज शर्मा,अखिलेश सिंह,चित्रा राव,मनोहर कृष्णानी, विनय सिंह,हरिष शर्मा सक्रिय रहेंगे। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचना शंकर सचदेव ने दी।

### संदिग्ध स्थानों में भी लगातार अवैध शराब के नियंत्रण के लिए छानबीन कर रहा आबकारी विभाग

**दुर्ग।** आबकारी विभाग, संभागीय उड़नदस्ता एवं रेलवे पुलिस फोर्स के संयुक्त टीम द्वारा बुधवार को शराब एवं मादक पदार्थों के अवैध परिवहन, धारण एवं चौर्यनयन पर नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु दुर्ग रेलवे स्टेशन एवं स्टेशन से गुजरने वाली रेल गाड़ियों का निरीक्षण किया गया। साथ ही दुर्ग जिले के बस स्टैंड का निरीक्षण किया गया है, जिसमें जिले में चलने वाली बसों के साथ-साथ अन्य जिलों एवं राज्यों से आने वाली बसों का भी गश्त किया गया। सहायक आयुक्त आबकारी दुर्ग ने बताया कि वर्ष 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शराब एवं मादक पदार्थों के अवैध परिवहन, धारण एवं चौर्यनयन पर नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

### निर्माण कार्य के लिए 18 लाख रूपए से अधिक की प्रशासकीय स्वीकृति

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत विधायक रविन्द्र चौबे की अनुशंसा पर 6 निर्माण कार्यों के लिए 18 लाख 99 हजार 688 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र साजा के अंतर्गत धमधा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत अरसी में शिव मंदिर के पास मंच निर्माण 3 लाख रुपए, श्रमिक कार्यालय भवन में अहता निर्माण 2 लाख रूपए, ग्राम पंचायत रूहा में मंच निर्माण कार्य 5 लाख तथा ग्राम पंचायत रूहा के आश्रित ग्राम पेण्ड्री में मंच निर्माण कार्य हेतु 5 लाख रूपए की स्वीकृत की गई है।

---

### नागपुर से कोरबा तक हाईटेक तरीके से चल रही हैं ट्रेनें

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने डेवलप किया है ऑटोमेटिक सिग्नल सिस्टम

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। बदलते वक्त के साथ आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपने सिग्नल सिस्टम में भी बदलाव किया है। इसी कड़ी में अब स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली यानी ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम का इस्तेमाल किया जा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में नागपुर से कोरबा तक ऑटोमैटिक सिग्नल प्रणाली से लैस है। इसमें उसलापुर का एरिया भी शामिल हैं।

बता दें ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग सिस्टम में दो स्टेशनों के निश्चित दूरी पर सिग्नल लगाए जाते हैं। नई व्यवस्था में स्टेशन यार्ड के एडवांस स्टार्टर सिग्नल से आगे लगभग एक से डेढ़ किलोमीटर पर सिग्नल लगाए गए हैं। जिसके फ्लस्वरूप सिग्नल के सहारे ट्रेनें एक-दूसरे के पीछे चलती रहती है । अगर किसी कारण से आगे वाले सिग्नल में तकनीकी खामी आती है तो पीछे चल रही ट्रेनों को भी सूचना मिल जाएगी।

जो ट्रेन जहां रहेंगी और वो जहां है वहीं रुक जाएंगी । ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम मे नागपुर से भिलाई 279 किलोमीटर, बिलासपुर - जयरामनगर के मध्य 14 कि.मी., बिलासपुर - बिल्हा के मध्य 16 कि.मी. एवं बिलासपुर - घुटकू के मध्य 16 किमी, चांपा से कोरबा 37 किलोमीटर जैसे अनेक रेल खंडो में आटोमेटिक सिग्नल प्रणाली लागू की गई है।

संरक्षित ट्रेन संचालन में सिग्नलिंग सिस्टम की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है । रेलवे में उपयोग में आनेवाले उपकरणों का उन्नयन और प्रतिस्थापन एक सतत प्रक्रिया है, जिसे आवश्यकताओं के अनुरूप संसाधनों की उपलब्धता एवं परिचालन आवश्यकताओंके आधार पर किया जाता है । समय समय पर ट्रेन संचालन में संरक्षा को और बेहतर बनाने तथा लाइन क्षमता में बढ़ोतरी के उद्देश्य से सिग्नलिंग सिस्टम काआधुनिकीकरण किया जाता है,इसी कड़ी में ट्रेनों की गति तेज करने और सुरक्षित सफर के लिए सिग्नल सिस्टम को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है । इस सिस्टम मेंवर्तमान आधारभूत संरचना के साथ रेलवे लाइन की क्षमता बढ़ जाएगी ।



#### ऑटोमेटिक सिग्नल प्रणाली से मिल रहा लाभ

ऑटोमेटिक सिग्नल प्रणाली लागू हो जाने से बहुआयामी लाभ रहा है । इससे एक ओर गाड़ियों की रफ़्तार तो बढ़ रही है,वही दूसरी ओर लागत की दृष्टि से भी यह काफी कम खर्चीला है । पहले कॉपर के केबल लगाये जाते थे जिसमे लागत ज्यादा आती थी। आजकल ऑप्टिकल फाईबर केबल लगाये जा रहे है जिसकी लागत भी कम होती है एवं इसके चोरी होने का भी भय नही रहता है । यह रिंग प्रोटेक्टेड केबल होते है जो जल्द खराब भी नहीं होते । इस प्रकार से दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के सभी महत्वपूर्ण रेल खंडों मे इस प्रकार की ऑप्टिकल फाईबर केबल के साथ आटोमेटिक सिग्नल प्रणाली लागू करने की योजना है, जिससे कि कम लागत मे ज्यादा आउटपुट की प्राप्ति हो साथ ही साथ ही ट्रेनों की गति में भी वृद्धि हो ।

#### एक ही दिशा में एक से अधिक ट्रेनों से पैदा होता है भ्रम

कई बार इन सेक्शनों के एक ही दिशा में एक से अधिक ट्रेनों के रुकने से यात्रियों को भ्रम की स्थिति हो जाती है, खासकर जब मेमू ट्रेन जिसके आगे और पीछे दोनों तरफइंजन लगी रहती है, या वैसी मालगाड़ी जिसके पीछे भी बैंकिंग इंजन लगी होती है। इन ट्रेनों के रुकने से ऐसा प्रतीत होता है कि इनके इंजन आमने सामने आ गए हैं। खासकर जब आगे वाली ट्रेन रुकती है तो पीछे वाली ट्रेन सिग्नल के इशारे का फॉलो कर एक निश्चित दूरी के अनुसार उसके पीछे रुक जाती है।

दक्षिण पूर्व रेलवे के बिलासपुर स्टेशन तथा उसके तीनों ओर कि दिशा में दाधापारा, चकरभाटा, बिल्हा ,उसलापुर, घुटकू, गतौरा, जयरामनगर तक ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम है, इस कारण इन सेक्शनों में एक के पीछे एक कई ट्रेनें एक साथ चलती रहती हैं। वहीं इनके किसी वजह से रुकने के कारण इनके वीडियो एवं फोटो से ऐसा प्रतीत होता है कि एक ही ट्रैक पर दोनों ट्रेनें आ गई है,जबकि यह ऑटोमैटिक सिग्नल प्रणाली का सामान्य परिचालन व्यवस्था है ।

#### ट्रेनों की रफ्तार के साथ संख्या भी बढ़ी

ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नल सिस्टम के लागू हो जाने से एक ही रूट पर एक किमी के अंतर पर एक के पीछे एक ट्रेनें चलती है । इससे रेल लाइनों पर ट्रेनों की रफ्तार के साथ ही संख्या भी बढ़ गई है । वहीं, कहीं भी खड़ी ट्रेन को निकलने के लिए आगे चल रही ट्रेन के अगले स्टेशन तक पहुंचने का भी इंतजारनहीं करना पड़ता है । स्टेशन यार्ड से ट्रेन के आगे बढ़ते ही ग्रीन सिग्नल मिल जाता है,यानी एक ब्लॉक सेक्शन में एक के पीछे दूसरी ट्रेन आसानी से चलती है । इसके साथ ही ट्रेनों के लोकेशन की जानकारी मिलती रहती है।

---

## निगम प्रशासन ने 4 कर्मचारियों को दी स-सम्मान विदाई



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई ।** निगम मे 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके निगम के 04 कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई। निगम प्रशासन की ओर से सेवानिवृत्त होने वाले रोहित कुमार चन्द्राकर आ0 खुमान जोन 03, देवेन्द्र मोहन साकरकर आ0 विठ्ठलराव जनसूचना विभाग, भरत लाल आ0 बृजलाल जोन 02, के. राजू आ0 गुरवैयया जोन 02 को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट कर अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना के साथ बिदाई दी गई। कार्यपालन अभियंता शरद चावड़ा ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए है। इसी प्रकार सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के साथ कार्य करने वाले अन्य कर्मचारियों ने उनके साथ बिताए समय को याद करते हुए उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना किये। बिदाई समारोह में अरूण सिंह जन सूचना अधिकारी, बसंत देवांगन अधीक्षक स्थापना, संजय शर्मा, श्रवण ठाकुर, राज सच्चर, शिव शर्मा, पुरूषोत्तम साहू, प्रियंका राव, अंजनी सिंह, अनिल मिश्रा, हंसराज, रोहित बंजारे, दीपक देवांगन, अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

### आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला का नामकरण संपन्न

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बालाराम जोशी आदर्श उच्चतर माध्यमिक शाला के नाम से जाना जाएगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दुर्ग जिले के गौरवशाली इतिहास को समर्पित शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला का नामकरण एवं सम्मान सम्मारोह कार्यक्रम विगत 29 अगस्त को संपन्न हुआ। अब उक्त शाला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बालाराम जोशी आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला के नाम से जाना जाएगा।

दुर्ग शहर विधायक अरूण वोरा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर धीरज बाकलीवाल ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद श्रीमती नजहत, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमीज रजा, संस्था प्रमुख डॉ. कृष्णा अग्रवाल एवं प्रधान पाठक श्रीहरि शर्मा व शाला परिवार द्वारा नामकरण एवं सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।



इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बालाराम जोशी के सुपुत्र घनश्याम जोशी, संतोष जोशी एवं सुनील जोशी, राजेन्द्र शर्मा, सुमन जोशी विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री अरूण वोरा ने स्वतंत्रता सेनानी स्व. बालाराम जोशी के बताए मार्ग पर विद्यार्थियों को चलने का आह्वान किया। महापौर धीरज बाकलीवाल ने अपने उद्बोधन में स्व. जोशी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि आदर्श कन्या शाला का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के नाम पर समर्पित करते हुए बड़ा गर्व की अनुभूति हो रही है। स्वागत भाषण संस्था प्रमुख डॉ. कृष्णा अग्रवाल ने दिया। पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में सातवां स्थान प्राप्त करने वाली शाला की गौरव कु. सानिया मरकाम का सम्मान अतिथियों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों के द्वारा किया गया।

खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले माही गुप्ता, देविका बंछोर का सम्मान एवं पुस्तक व गणवेश वितरण मिडिल के छात्राओं एवं कक्षा नवमी के छात्राओं को किया गया। इस अवसर पर छात्र संघ के पदाधिकारियों शपथ के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बालाराम जोशी के अतुल्य योगदान को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

---

### प्रदेश में सातवां मोतियाबिंद मुक्त जिला बना दुर्ग

## मोतियाबिंद मुक्त जिला बनाने में कलेक्टर का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन, दुर्ग जिला हुआ गौरवान्वित : अरूण वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। बाइलेटरल मोतियाबिंद मुक्त जिला घोषित होने पर जिला कलेक्ट्रेट में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अरूण वोरा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर धीरज बाकलीवाल उपस्थित रहे। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में अधिसूचना जारी कर दुर्ग जिले को मोतियाबिंद मुक्त घोषित किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख डॉ. जे.पी. मेश्राम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित थे। जिनके मार्गदर्शन में संपूर्ण दुर्ग जिले को मोतियाबिंद मुक्त किया जा सका है।



कार्यक्रम में मोतियाबिंद मुक्त करने वाले नेत्र सर्जनों डॉ. बी.आर. कोसरिया, डॉ. संगीता भाटिया, नोडल अधिकारी डॉ. अल्पना अग्रवाल, डॉ. कल्पना जैफ का मुख्य अतिथि अरूण वोरा एवं कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।

विगत वर्ष दुर्ग जिला अस्पताल में 2021 मोतियाबिंद ऑपरेशन किये गये। जिसमें 1076 ऑपरेशन दोनों आंखों से मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों का सफ्लतापूर्वक ऑपरेशन किया गया एवं प्राइवेट अस्पतालों में 7338 ऑपरेशन किये गये। कुल 11 हजार दो सौ ऑपरेशन दुर्ग जिले में किया गया, जिससे दुर्ग जिला पूरे प्रदेश में तीसरे स्थान पर आया। उसमें डॉ. बी.आर. कोसरिया द्वारा 771 एवं डॉ. संगीता भाटिया द्वारा 382, डॉ. अल्पना अग्रवाल द्वारा 352, डॉ. कल्पना जैफ द्वारा 404 एवं दुर्ग जिले में पहली बार 12 छोटे-छोटे बच्चों 4 से 12 वर्ष तक के बच्चों का ऑपरेशन उनके द्वारा किया गया। जिससे जिला अस्पताल की छबि उभरी है। डॉ. वाहनी सुपेला अस्पताल द्वारा 249 ऑपरेशन किया गया।

कार्यक्रम में दुर्ग जिले के तीनों ब्लाकों का सघन दौरा करके मोतियाबिंद मुक्त कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में योगदान देने वाले वरिष्ठ नेत्र सहायक अधिकरी डॉ. वी.एस. राव को उत्कृष्ट कार्य हेतु मुख्य अतिथि अरूण वोरा एवं कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उसके पश्चात दुर्ग जिले को धमधा ब्लाक से मरीजों को लाकर ऑपरेशन कराने व सहयोग करने हेतु उत्कृष्ट कार्य के लिए नेत्र सहायक अधिकारी त्रिलोक धीवर, लोकेश साहू, राजेश शर्मा, संतोष सोनवानी, सुधाकर मिश्रा एवं पाटन ब्लाक से एम.आर. शेख, लोकेश्वर सिंह ठाकुर, श्रीमती जसविंदर कौर एवं निकुम से श्रीमती ललिता बंजारे, मुकेश शर्मा, श्रीमती सुषमा साहू, श्रीमती रीना नायक, विवेक सोनी, शत्रुहन सिन्हा, कु. राजप्रियंका,अनिल एवं जिला चिकित्सालय दुर्ग से वरिष्ठ नेत्र सहायक अधिकारी अरूण सिंह, अजय नायक, श्रीमती दुर्गा सिन्हा, श्रीमती माया लहरे को उत्कृष्ट कार्य एवं मोतियाबिंद मुक्त जिला करने में महत्वपूर्ण योगदान हेतु आज विधायक अरूण वोरा एवं कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा तथा महापौर धीरज बाकलीवाल जी ने सम्मान पत्र देकर सम्मानित किये। जिससे समस्त अधिकारी-कर्मचारियों में खुशी व्याप्त हुई।

इस अवसर पर जिले के कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने ऑपरेशन करने वाले समस्त नेत्र विशेषज्ञों की तारीफ करते हुए कहा कि आज प्रदेश में दुर्ग जिले को सातवें नंबर का मोतियाबिंद मुक्त जिला होने का गौरव प्राप्त हुआ है। राजनांदगांव, बालोद, धमतरी, कवर्धा, बलौदाबाजार, रायपुर आदि के तुलना में 20 लाख जनसंख्या वाला दुर्ग जिला को विधिवत् 3 मीटर से कम दिखाई देने वाले दोनों आंखों से मोतियाबिंद पीड़ित मरीजों को आप लोगों ने एक हजार 76 लोगों का ऑपरेशन कराया। आप सभी लोग बधाई के पात्र हैं। विधायक अरूण वोरा ने कहा कि दुर्ग जिले को मोतियाबिंद मुक्त जिला बनाने में कलेक्टर का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा है। इससे पूरा दुर्ग जिला गौरवान्वित हुआ। जिला अस्पताल पहले की तुलना में अब पूर्णतः नया एवं नये अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित हो चुका है। अभी 20 करोड़ रूपये का नया अस्पताल बनने हेतु स्वीकृत हुआ है।

इससे हमारे आस-पास के जिलेवासियों को बहुत फायदा पहुंचेगा। जिला अस्पताल एवं दुर्ग जिले के इस कार्य हेतु कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम बधाई के पात्र है और ऑपरेशन करने वाले नेत्र विशेषज्ञों के कारण तथा नेत्र सहायक अधिकारियों के सफ्ल मरीजों को लाने एवं ऑपरेशन कराने सहभागिता के कारण आज हमारा दुर्ग जिला जो कि इतना अधिक जनसंख्या वाला मोतियाबिंद मुक्त हो पाया है। मैं आप सभी लोगों को सहृदयपूर्वक धन्यवाद देता हूं। इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम, डीएचओ डॉ. सतीश कुमार मेश्राम, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सीवीएस बंजारे, नोडल अधिकारी डॉ. संजय जामगड़े तथा जिला चिकित्सालय दुर्ग के सिविल सर्जन डॉ. ए.के. साहू भी उपस्थित रहे।

---

## कांग्रेस चुनाव घोषणापत्र समिति की सदस्य हेमा देशमुख को महिलाओं ने दिए कई सुझाव

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस चुनाव घोषणा पत्र समिति की सदस्य एवं राजनांदगांव की महापौर श्रीमती हेमा देशमुख का आज दूर्ग आगमन हुआ। उन्होंने दुर्ग जिला महिला कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष लता जंघेल के निवास पर वार्ड नंबर 47 व 48 की महिलाओं की बैठक ली। जिसमें उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पिछले चुनाव में जो 36 वादे किए थे उसमें से 34 पूरे हो गये हैं। इस बार कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र को और प्रभावी बनाने महिलाओं से रायशुमारी हो रही है अतः महिलाएं सुझाव दें।



इस पर लता जंघेल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने महिला स्व सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने अच्छा काम किया है। महिलाओं को इसका लाभ भी मिला है लेकिन निचले स्तर के महिला स्व सहायता समूहों को जो वार्ड स्तर पर काम करते हैं उन्हें समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसलिए ऐसे महिला स्व सहायता समूहों को विशेष सब्सिडी दी जाए और और उनके द्वारा बनाई जाने वाली सामग्री की मार्केटिंग की व्यवस्था की जाए।

इसे हेमा देशमुख ने अच्छा सुझाव माना। इसी तरह महिला कांग्रेस की वार्ड अध्यक्ष शारदा साहू ने छत्तीसगढ़ की महिलाओं को हर माह दो हजार रूपये की सम्मान राशि देने का सुझाव दिया। छत्तीसगढ़ी फिल्मों की अभिनेत्री उर्वशी साहू ने कलाकारों को प्रोत्साहित करने तथा उम्रदराज ग्रामीण कलाकारों को पेंशन देने का सुझाव दिया। फुलेश्वरी साहू ने कहा कि अब सीबीएससी से बीएड करने वालों को शिक्षक भर्ती में प्राथमिकता मिल रही है ऐसे में पुराने बीएड वालों के रोजगार के अवसर खत्म हो रहे हैं। शिक्षा भर्ती में पुराने बीएड वालों को पहली प्राथमिकता मिलनी चाहिए। हेमा देशमुख ने कहा कि वे इन सुझावों से चुनाव घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष मोहम्मद अकबर को अवगत कराएंगी और इसे घोषणापत्र में शामिल कराने का प्रयास करेंगी। इस अवसर पर उपस्थित सभी महिलाओं ने वार्ड क्रमांक 47 रायपुर नाका में एक महिला सामुदायिक भवन बनाने की मांग की जिस पर श्रीमती हेमा देशमुख ने तत्काल दूरभाष पर विधायक अरुण वोरा से चर्चा कर तुरंत 5 लख रुपए विधायक निधि से सामुदायिक भवन हेतु देने की घोषणा की जिसका उपस्थित महिलाओं ने स्वागत किया! इसके पूर्व हेमा देशमुख का लता जंघेल व अन्य महिलाओं ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव कुसुम दुबे, राजनांदगांव शहर जिला महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष माया शर्मा, पार्षद श्रद्धा सोनी सहित वार्ड की लगभग 100 से अधिक महिला पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950